दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 271
कोटद्वार मंगलवार
7 फरवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक
# जयन्त
निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

**कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित** डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## मनीष तिवारी ने चीनी अतिक्रमण पर लोकसभा में दिया स्थगन नोटिस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने सोमवार को भारतीय क्षेत्र में चीनी अतिक्रमण पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन नोटिस पेश किया। मैं एक निश्चित मामले पर चर्चा करने के उद्देश्य से सदन के कार्य को स्थगित करने के लिए एक प्रस्ताव पेश करने की अनुमति मांगता हूं कि यह सदन चीन के साथ सीमा की स्थिति पर विस्तृत चर्चा करने के लिए शून्यकाल और दिन के अन्य कामकाज को निलंबित करें।

नोटिस में उन्होंने कहा, अप्रैल 2020 से चीन लगातार जमीन हड़पने में लगा हुआ है। 16 जनवरी 2023 तक भारत और चीन के बीच कमांडर स्तर की 17 दौर की वार्ता हो चुकी है, जिसमें बहुत कम सफलता मिली है। इस दौरान चीन अपने सैनिकों के लिए पुलों, सड़कों और आवास सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण करना जारी रख रहा है। चीन एकतरफा तरीके से यथास्थिति को बदलने की कोशिश कर रहा है।

अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में हुई झड़पें सीमा पर यथास्थिति को बदलने के उद्देश्य से चीन की लगातार आक्रामकता का एक और संकेत हैं। इस तरह की आक्रामकता अब क्षेत्रीय दायरे तक सीमित नहीं है, जैसा कि पिछले संघर्षों में लगभग 2000 किलोमीटर दूर अरुणाचल प्रदेश में हुई झड़पों से स्पष्ट है।

## संसद में चर्चा हो ताकि पता चले कि अडाणी के पीछे कौन सी शक्ति है : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर सोमवार को अडाणी समूह से जुड़े मामले पर संसद में चर्चा को लेकर श्भयभीत होने का आरोप लगाया । उन्होंने कहा कि इस विषय पर चर्चा होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके तथा पूरे देश को यह पता चल सके कि उद्योगपति गौतम अडाणी के पीटे कौन सी शक्ति है। इस मामले में लाखों करोड़ रुपये का भ्रष्टाचार होने का दावा करते हुए राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरा प्रयास करेंगे कि इस मामले पर संसद में चर्चा नहीं हो। राहुल गांधी ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कटाक्ष करते हुए कहा, श्काफी वर्षों से मैं सरकार के बारे में कह रहा हूं कि यह श्हम दो, हमारे दो की सरकार है। सरकार इस मसले पर चर्चा नहीं होने देना चाहती, सरकार डरी हुई है कि कहीं संसद में अडाणी जी के बारे में चर्चा न हो जाए। मगर सरकार को चर्चा होने देना चाहिए। उन्होंने दावा किया, श्मोदी जी पूरी कोशिश करेंगे कि संसद में अडाणी जी पर चर्चा नहीं हो। इसका कारण आप जानते हैं? पूरी कोशिश होगी कि चर्चा नहीं हो। कांग्रेस नेता ने कहा, श्मैं पिछले दो तीन साल से यह मुद्दा उठा रहा हूं।

## कांग्रेस ने नागालैंड विस चुनाव के लिए तीसरी सूची की जारी, 27 को होगा मतदान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस ने सोमवार को आगामी नागालैंड विधानसभा चुनावों के लिए दो उम्मीदवारों के साथ अपनी तीसरी सूची जारी की।

कांग्रेस महासचिव मुकुल वासनिक की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार पार्टी के केंद्रीय चुनाव आयोग (सीईसी) ने तीसरी सूची के लिए दो उम्मीदवारों का चयन किया है।

पार्टी ने जिन दो उम्मीदवारों का चयन किया, उनमें इम्बुर विधानसभा सीट से बेंदांगकोकबा और तहोक सीट से शाबोह कोन्याक चुनाव लड़ेंगे।

# तुर्की में 7.8 तीव्रता का भूकंप से एक हजार से ज्यादा लोगों की मौत

## सैकड़ों अब भी फंसे

**अंकारा , एजेंसी।** तुर्की और पड़ोसी देशों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। नूर्दगी से 23 किलोमीटर पूर्व की ओर यह झटके महसूस किए गए। इसका असर सीरिया तक देखने को मिला। जानकारी के मुताबिक, भूकंप की वजह से कई इमारतें धराशायी हो गई हैं। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 7. 8 मापी गई।

जानकारी के मुताबिक, तुर्की में कम से कम 1000 लोग मारे गए हैं और करीब 2,300 लोग घायल हुए हैं। देश के उपराष्ट्रपति फिएट ओकटे का हवाला देते हुए बताया रिपोर्ट में बताया गया कि 10 शहरों में 1,700 से अधिक इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं हैं। वहीं, सीरिया में कम से कम 783 लोग मारे गए और 639 घायल हो गए। इस्राइल और लेबनान में भी कई मौतों की आशंका जताई जा रही है।

यूएस जियोलजिकल सर्वे के मुताबिक, भूकंप का केंद्र गाजियांटेप से लगभग 33 किलोमीटर (20 मील) और नूरद्गी शहर से लगभग 26 किलोमीटर (16 मील) दूर था। यह 18 किलोमीटर (11 मील) की गहराई पर केंद्रित था। भूकंप के झटके दूर सीरिया तक महसूस किए गए। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि कई इमारतों को नुकसान पहुंचने की खबरें आई हैं। संयुक्त राज्य भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की मानें तो भूकंप की वजह से कई लोगों के हताहत होने की आशंका है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भूकंप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि तुर्की में भूकंप के कारण जनहानि और संपत्ति के नुकसान से दुखी हूं। शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना। घायल जल्द स्वस्थ हों। भारत तुर्की लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है और इस त्रासदी से निपटने के लिए हर संभव सहायता देने को तैयार है।

सरकार की ओर से इस संबंध में एक आधिकारिक बयान भी जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि पीएम मोदी के प्रधान सचिव पी के मिश्रा ने तत्काल राहत उपायों पर चर्चा करने के लिए साउथ ब्लक में एक बैठक की और वहां निर्णय लिया गया। निर्णय के मुताबिक, विशेष रूप से प्रशिक्षित डग स्क्वड और आवश्यक उपकरणों के साथ 100 कर्मियों वाली एनडीआरएफ की दो टीमें खोज और बचाव कार्यों के लिए भूकंप प्रभावित क्षेत्र में जाने के लिए तैयार हैं। साथ ही मेडिकल टीमों को आवश्यक दवाओं के साथ प्रशिक्षित डक्टरों और पैरामेडिक्स के साथ तैयार किया जा रहा है।

भूकंप के आने की मुख्य वजह धरती के अंदर प्लेटों का टकरना है। धरती के भीतर सात प्लेट्स होती हैं जो लगातार घूमती रहती हैं। जब ये प्लेटें किसी जगह पर आपस में टकराती हैं, तो वहां फल्ट लाइन जोन बन जाता है और सतह के कोने मुड़ जाते हैं। सतह के कोने मुड़ने की वजह से वहां दबाव बनता है और प्लेट्स टूटने लगती हैं। इन प्लेट्स के टूटने से अंदर की एनर्जी बाहर आने का रास्ता खोजती है, जिसकी वजह से धरती हिलती है और हम इसे भूकंप मानते हैं।

रिक्टर स्केल पर 2. 0 से कम तीव्रता वाले भूकंप को माइक्रो कैटेगरी में रखा जाता है और यह भूकंप महसूस नहीं किए जाते। रिक्टर स्केल पर माइक्रो कैटेगरी के 8,000 भूकंप दुनियाभर में रोजाना दर्ज किए जाते हैं।

इसी तरह 2. 0 से 2.9 तीव्रता वाले भूकंप को माइनर कैटेगरी में रखा जाता है। ऐसे 1,000 भूकंप प्रतिदिन आते हैं इसे भी सामान्य तौर पर हम महसूस नहीं करते।

वेरी लाइट कैटेगरी के भूकंप 3.0 से 3.9 तीव्रता वाले होते हैं, जो एक साल में 49,000 बार दर्ज किए जाते हैं। इन्हें महसूस तो किया जाता है लेकिन शायद ही इनसे कोई नुकसान पहुंचता है।

लाइट कैटेगरी के भूकंप 4.0 से 4.9 तीव्रता वाले होते हैं जो पूरी दुनिया में एक साल में करीब 6,200 बार रिक्टर स्केल पर दर्ज किए जाते हैं। इन झटकों को महसूस किया जाता है और इनसे घर के सामान हिलते नजर आते हैं। हालांकि इनसे न के बराबर ही नुकसान होता है।

### 10 घंटे में तीसरी बार तेज भूकंप से थर्राया तुर्की

अंकारा, एजेंसी। तुर्की में सोमवार को तीसरी बार भूकंप के झटके महसूस किए गए। इस बार भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 6 मापी गई है। ये झटके पांच बजकर 32 मिनट पर महसूस किए गए इससे पहले भारतीय समयानुसार तीन बजकर 54 मिनट पर भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए थे। जिसकी रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 75 मापी गई। उसका केंद्र अंकारा से 427 किलोमीटर दूर जमीन से 10 किमी. अंदर था। प्रारंभिक भूकंप के बाद 50 से अधिक आफ्टरशक्स आए, जिसमें 75-तीव्रता का झटका भी शामिल है।

वहीं, तुर्की की एक समाचार एजेंसी ने देश की आपदा एजेंसी का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी कि दक्षिणी तुर्की में कहारनमारास प्रांत के एलबिस्तान जिले में 76 तीव्रता का एक और ताजा भूकंप आया है। इसका असर सीरिया के दमिश्क, लताकिया अन्य सीरियाई प्रांतों में भी महसूस किया गया।




# नौसेना ने आईएनएस विक्रांत पर पहली बार कराई तेजस की सफल लैंडिंग



**नई दिल्ली,एजेंसी।** हिंद-प्रशांत महासागर क्षेत्र में बड़ी सामरिक-रणनीतिक भूमिका का आधार तैयार कर रही भारतीय नौसेना ने सोमवार को स्वदेश निर्मित लाइट कम्बैट एयरक्राफ्ट (एलसीए-नेवी) को विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत पर सफलतापूर्वक उतार कर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। विमान वाहक पोत पर स्वदेशी एलसीए की सफल लैंडिंग नौसेना की सामरिक क्षमता के लिहाज से मील का पत्थर से कम नहीं है।

भारतीय नौसेना आधुनिकीकरण के साथ ही समुद्र में अपनी मारक क्षमता बढ़ाने के लिए हथियारों और मिसाइलों के अलावा अपने एयर विंग को भी मजबूत करने में जुटी है। आईएनएस विक्रांत पर एलएसी की सफल लैंडिंग इस लिहाज से अहम है कि नौसेना के पायलटों के पायलटों द्वारा आईएनएस विक्रांत पर एलसीए की लैंडिंग करने के बाद भारतीय नौसेना ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया है। नौसेना के अनुसार इस सफल लैंडिंग ने स्वदेशी लड़ाकू विमानों के साथ स्वदेशी विमानवाहक पोत को डिजाइन, विकसित, निर्माण और संचालित करने की भारत की क्षमता को प्रदर्शित किया है।

मालूम हो कि भारत के पहले पहले स्वदेश निर्मित विमानवाहक पोत आईएनएस शामिल करते वक्त साफ कहा था कि विमान वाहक पोत विक्रांत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने में अपनी भूमिका निभाने में सक्षम होगा। काबिले गौर है कि दक्षिण चीन सागर ही नहीं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीनी नौसेना समय-समय पर आक्रामक तेवर दिखाने की कोशिश करती रही है। भारतीय नौसेना की बढ़ती ताकत स्वाभाविक रूप से इस क्षेत्र की सामरिक रणनीति का संतुलन बनाए रखने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण है।

## पहाड़ों में बिगड़ा मौसम, औली में बर्फबारी से बढ़ी ठंड

**चमोली।** उत्तराखंड में सोमवार को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मौसम बिगड़ गया। देर शाम जोशीमठ में अचानक मौसम खराब होने के बाद औली में बर्फबारी शुरू हो गई। जिसके चलते औली की खूबसूरत वादियां बर्फ से सराबोर हो गईं।

वहीं, औली घूमने पहुंचे पर्यटकों में बर्फबारी होने से खासा उत्साह रहा। पर्यटकों ने औली पहुंचकर बर्फबारी का जमकर लुत्फ उठाया।

औली में बर्फबारी के बाद निचले इलाकों में बारिश होने से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। शहर में ठंड से राहत देने के लिए अलग-अलग स्थानों पर अलाव की व्यवस्थ की गई है।

औली में कई जगहों पर ताजी बर्फ जम गई है। वहीं, अभी तक बर्फबारी न होने से औली में पर्यटकों की आवाजाही कम थी, लेकिन बर्फबारी होने पर अब औली पर्यटकों से गुलजार होने लगी है।

# जदयू से उपेंद्र कुशवाहा की छुट्टी लगभग तय, पार्टी ने संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटाया

**पटना, एजेंसी।** बिहार की राजनीति में उपेंद्र कुशवाहा की बयानबाजी को लेकर मचे घमासान के बीच जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने उपेंद्र कुशवाहा को लेकर बड़ा दावा किया है। जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ़ ललन सिंह ने कहा है कि उपेंद्र कुशवाहा इस समय जदयू संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष नहीं हैं। हालांकि, इसकी कोई औपचारिक घोषणा अभी नहीं हुई है।

जदयू में जारी विवाद के बीच पहली बार ललन सिंह ने कुशवाहा के पद के बारे में कोई टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि अगर कुशवाहा पार्टी में मन से रहेंगे और काम करेंगे तो उन्हें फिर यह पद दिया जा सकता है। सिंह सोमवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्वाचन के बाद अन्य किसी पदधारक का मनोनयन नहीं किया गया है।



सवाल पूछा गया कि क्या उपेंद्र कुशवाहा भी संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष नहीं हैं? उनका जवाब था- हां, अभी वे संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद से हटे हुए हैं। अभी वे पार्टी के विधान परिषद सदस्य हैं।

आगे ललन सिंह ने कहा कि अगर पार्टी में मन से काम करेंगे तो फिर संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष बन सकते हैं। उन्होंने तत्काल उपेंद्र कुशवाहा पर किसी अनुशासनिक कार्रवाई की संभावना से इंकार किया। क्या पार्टी उपेंद्र की विधानसभा सदस्यता समाप्त करने का निर्णय कर सकती है? इस सवाल पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह विधान परिषद के सभापति का विषय है। बता दें कि इससे पहले तक यही माना जा रहा था कि उपेंद्र कुशवाहा संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हैं। पार्टी के नेता उपेंद्र कुशवाहा को इसी पदनाम के साथ संबोधित करते थे। खुद उपेंद्र ने संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष के नाते रविवार को कार्यकर्ताओं के नाम पत्र जारी किया था। हालांकि, कुछ दिन पहले उपेंद्र ने ही संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष पद को झुनझुना करार दिया था। उधर, उपेंद्र कुशवाहा ने ताजा प्रकरण पर टिप्पणी से इंकार किया।राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उपेंद्र कुशवाहा के इस आरोप को गलत बताया कि उन्हें राज्यसभा एवं विधान परिषद के सदस्यों के मनोनयन के बारे में जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि मैंने खुद उनके घर जाकर जानकारी दी। बताया कि रवींद्र सिंह और आफाक अहमद खान को विधान परिषद में भेजा जा रहा है। झारखंड जदयू के नेता खीरू महतो राज्यसभा के लिए नामित किए गए हैं। उन्हें यह सच बताना चाहिए।

### राफेल मामले को लेकर पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला

## सच्चाई आज खुद आ रही सामनेः पीएम

**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तुमकुरु में एशिया की सबसे बड़ी हेलीकप्टर निर्माण सुविधा का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार ने कर्नाटक को निवेशकों की श्पहली पसंदश बना दिया है। कार्यक्रम में पीएम ने कई विषयों पर अपनी बात कही। इसके साथ ही उन्होंने राफेल आरोपों को लेकर कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। बता दें कि प्रधानमंत्री विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के अपने दौरे पर हैं।



पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोगों ने हिंदुस्तान एयरोनटिक्स लिमिटेड का इस्तेमाल कर केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ कई तरह के झूठे आरोप लगाए लेकिन अब सच्चाई आज खुद सबके सामने आ रही है। उन्होंने कांग्रेस का नाम लिए बिना कहा, एचएएल के बारे में गलत सूचना फैलाई गई और हमारी सरकार के खिलाफ कई झूठे आरोप लगाए गए।

एक उद्घाटन करने के बाद कहा, तुमकुरु को आज एक बड़ा हेलीकप्टर कारखाना मिल गया है। कर्नाटक युवा प्रतिभा और नवाचार की भूमि है। दुनिया कर्नाटक की विनिर्माण शक्ति को ड्रोन निर्माण से लेकर तेजस लड़ाकू विमानों तक देख रही है।हेलीकप्टर कारखाने का उद्घाटन इस बात का उदाहरण है कि डबल इंजन वाली सरकार कैसे काम करती है।

2016 में इसी कारखाने के शिलान्यास को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने विदेशों पर भारत की सुरक्षा आवश्यकताओं की निर्भरता को कम करने का संकल्प लिया था। इसी संकल्प के साथ 2016 में मुझे इसकी आधारशिला रखने का अवसर मिला था। यह हमारी

# तीन उच्च न्यायालयों में 13 अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नई दिल्ली,एजेंसी।** केंद्र सरकार ने सोमवार को तीन उच्च न्यायालयों के लिए 13 न्यायिक कार्यालयों और अधिवक्ताओं की पदोन्नति को अधिसूचित की। बता दें कि केंद्रीय कानून और न्याय मंत्रालय ने इलाहाबाद, कर्नाटक और मद्रास के उच्च न्यायालयों में अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में यह अधिसूचना जारी की है।

कानून और न्याय मंत्री किरण रिजिजू ने सोमवार को सभी पदोन्नति हुए लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अपने अधिकारिक ट्वीटर हैंडल से ट्वीट कर लिखा, श्भारत के संविधान के तहत प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार,



निम्नलिखित अधिवक्ताओं और न्यायिक अधिकारियों को इलाहाबाद उच्च न्यायालय, कर्नाटक उच्च न्यायालय और मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किया जाता है। मैं उन सभी को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय के संबंध में जारी इस अधिसूचना में कहा गया, श्भारत के संविधान के अनुच्टेद 224 के खंड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो न्यायिक अधिकारियों और 11 अधिवक्ताओं को अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त करने की अनुमति दी है। अधिसूचना के अनुसार, इलाहाबाद में छह, मद्रास में पांच और कर्नाटक उच्च न्यायालय में दो अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त किए हैं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर सैयद कमर हसन रिजवी, मनीष कुमार निगम, अनीश कुमार गुप्ता, नंद प्रभा शुक्ला, क्षितिज शैलेंद्र और विनोद दिवाकर की नियुक्ति की गई है। वहीं मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के पद पर एडवोकेट लक्ष्मण चंद्रा विक्टोरिया गौरी, पिल्लईपक्कम बहुकुटुम्बी बालाजी, कंधसामी कुलंदाइवेलु रामष्णन और न्यायिक अधिकारी रामचंद्र कलैमथी और के गोविंदराजन थिलाकावडी को नियुक्त किया गया है।

कानून और न्याय मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अधिवक्ता विजयकुमार अडागौड़ा, पाटिल और राजेश राय कलंगला को कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में पदोन्नत किया गया है।

कानून मंत्री के ट्वीट से नियुक्ति की पुष्टि होने के कुछ ही मिनट बाद सुप्रीम कोर्ट ने का बयान सामने आया।ैब ने एडवोकेट विक्टोरिया गौरी को मद्रास हाई कोर्ट का जज बनाने की सिफारिश करने के कलेजियम के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करने पर सहमति जताई।

आपको बता दें कि हाल ही में, तमिलनाडु के वकीलों के एक समूह ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक याचिका भेजी थी, जिसमें उनसे मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में अधिवक्ता विक्टोरिया गौरी को पदोन्नत करने की सुप्रीम कोर्ट कलेजियम की सिफारिश पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया गया था। वहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति के वारंट पर हस्ताक्षर कर दिया था।

## बीजेपी के तीन और नेताओं को मिली वीआईपी सुरक्षा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** गृह मंत्रालय ने भाजपा के 3 और नेताओं को वीआईपी सुरक्षा देने का फैसला लिया है। गृह मंत्रालय ने आज यहां जानकारी देते हुए बताया कि नेताओं को वाई कैटेगरी की सुरक्षा के साथ सीआईएसएफ के कंमाडों भी साथ रहेंगे।

# लंगर में भोजन न मिलने पर सिरफिरे ने ली सेवादार की जान



**ऋषिकेश ।** ऋषिकेश में लंगर में भोजन न मिलने पर एक सिरफिरे व्यक्ति ने सेवादार पर पेचकसनुमा औजार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। सेवादार को उपचार के लिए एम्स ले जाया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान सेवादार ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हत्यारोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना के दौरान आरोपी नशे की हालत में बताया जा रहा था।सोमवार दोपहर हेमकुंड साहिब गुरुद्वारे में लंगर का निर्धारित समय समाप्त होने की बात कहने पर एक व्यक्ति गेट पर तैनात सेवादार पर भड़क गया। गुस्से से आगबबूला होकर व्यक्ति बिहार के सहरसा जिले के सनकुआ निवासी सेवादार कपिल साह (53) पर पेचकसनुमा औजार लेकर टूट पड़ा। व्यक्ति ने सेवादार की छाती और गले के पीटे में औजार घोंपकर उसको गंभीर रूप से घायल कर दिया। सेवादारों ने आरोपी को पकड़ लिया।साथी सेवादार आनन-फानन में घायल कपिल साह को उपचार के लिए एसपीएस राजकीय अस्पताल लेकर आए। लेकिन हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सकों ने उसको एम्स रेफर कर दिया।

# ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अध्यक्षता में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों एवं संवेदनशील स्थलों पर सुरक्षित उपाय करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने सड़क निर्माण से जुड़े सभी विभागों को निर्देशित किया कि संवेदनशील स्थलों एवं दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में प्राथमिकता पर सड़कों का सुधारीकरण किया जाए। संवेदनशील स्थलों पर पैराफीट, क्रैशबैरियर एवं साइनेज लगाए जाए। पुलिस उपाधीक्षक, परिवहन अधिकारी एवं सभी एसडीएम अपने क्षेत्रान्तर्गत वाहनों की चैकिंग पर विशेष ध्यान दें। ओवर स्पीड एवं ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अति संवेदनशील निर्माणधीन सड़कों पर वाहनों की आवाजाही को रोका जाए। सुरक्षात्मक कार्यों का स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सड़कों पर रोड सेफ्टी ऑडिट कार्य भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व में घटित सड़क दुर्घटनाओं के कारण एवं क्षति, संवेदनशील स्थलों पर संचालित सुरक्षात्मक कार्यों की भी गहनता से समीक्षा की गई और सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए एहतियाती उपाय रखने के निर्देश दिए गए। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि विगत वर्ष जनवरी से दिसंबर तक ओवरस्पीड के 118, ओवरलोडिंग में 105, वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने पर 26, शराब पीकर वाहन चलाने पर 4, बिना हेलमेट के 240, सीट वेल्ट, बिना डीएल, परमिट, फिटनेस व प्रदूषण में 2254 चालान कर 84.33 लाख जुर्माना वसूला गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी, संयुक्त मजिस्ट्रेट डा.दीपक सैनी, पुलिस उपाधीक्षक नताशा सिंह, अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, सहायक सभागीय परिवहन अधिकारी ज्योति शंकर मिश्र सहित वर्चुअल माध्यम से सभी एसडीएम, लोनिवि, बीआरओ, पुलिस एवं अन्य सड़क निर्माणदायी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।





## महाराज ने केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की कुशलक्षेम पूछी

देहरादून/दिल्ली। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछी। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने सोमवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह से उनके नई दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचकर शिष्टाचार भेंट कर उनकी कुशलक्षेम पूछने के साथ-साथ उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। ज्ञात हो कि केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का अभी हाल ही में घुटने का ऑपरेशन हुआ है।

## छात्रसंघ भंग नहीं करने पर कोर्ट जाने की दी चेतावनी

ऋषिकेश। एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने डोईवाला महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने छात्रसंघ चुनाव के बाद कई छात्र–छात्राओं के प्रवेश रद्द करने पर सवाल उठाए। उन्होंने इन छात्रों के मतों से चुने गए छात्रसंघ को भी भंग करने की मांग उठाई है। सोमवार को एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने राजकीय महाविद्यालय डोईवाला में प्रभारी प्राचार्य डीसी नैनवाल को ज्ञापन सौंपा। छात्रसंघ चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रत्याशी रहे प्रीक्षित कुमार ने कहा कि कुछ दिन पूर्व कॉलेज प्रशासन ने कई छात्रों का प्रवेश रद्द कर दिया। जबकि इन्हीं छात्रों ने हाल ही में हुए छात्रसंघ चुनाव में मत देकर छात्रसंघ पदाधिकारी चुने हैं। छात्रसंघ चुनाव के बाद उन छात्रों के प्रवेश को गलत बताकर उनके प्रवेश को रद कर दिया जाता है। जबकि उनके मत से गठित हुए छात्रसंघ को भंग नहीं किया जा रहा है। कहा कि अगर छात्रसंघ को भंग नहीं किया गया तो आंदोलन किया जाएगा और हाईकोर्ट की शरण ली जाएगी। ज्ञापन देने वालों में युवा कांग्रेस अध्यक्ष सावन राठौर, शुभम कंबोज, छात्र नेता संजू ठाकुर, प्रीक्षित कुमार, हिमांशु, मनीषा, मनप्रीत कौर, संध्या नेगी, अशद, पलक खत्री, रोहनदीप, शाहनवाज, रुद्र, दिव्य, भारती, सबाना, मयंक आदि शामिल रहे।

## एलआईसी दफ्तर के बाहर कांग्रेस का धरना

हरिद्वार। महानगर कांग्रेस ने चंद्राचार्य चौक स्थित एलआईसी भवन के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ धरना किया। कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार पर अडानी ग्रुप को एलआईसी से करोड़ों रुपये दिलवाने का आरोप लगाया।

प्रदेश महासचिव डॉ संजय पालीवाल ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता जनता को बताते रहे कि देश का तमाम पैसा अडानी ग्रुप द्वारा बैंकों के माध्यम से खींचा जा रहा है, परंतु केंद्र सरकार ने जनता को दूसरे मुद्दों में उलझा कर रखा। आरोप लगाया कि अडानी ग्रुप ने एलआईसी और भारतीय स्टेट बैंक से करोड़ों रुपये लिए हैं। महानगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कहा कि अडानी ग्रुप ने एलआईसी से 39000 करोड़ तथा अन्य बैंकों से 80000 करोड़ रुपये ले रखे हैं जो अब वह देने की स्थिति में नहीं है। उन्होंने कहा कि इसकी जिम्मेदार केंद्र की भाजपा सरकार है।

## टिहरी गढ़वाल में मिला लक्सर से लापता युवक का शव

रुड़की। लक्सर के युवक का शव टिहरी गढ़वाल के कौड़ियाला में गंगा किनारे मिला, जबकि उसका टेंपो गंगा में था। युवक एक फरवरी की शाम को अपने घर से लापता हुआ था। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई। लक्सर गांव के सतीश कुमार ने कोतवाल को तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा विशाल (20) छोटा टेंपो चलाता था। एक फरवरी की शाम वह दो दोस्तों को लेकर एक दुकान पर बिरयानी खाने गया था। घर लौटने के बाद करीब नौ बजे वह कहीं चला गया। काफी देर बाद बहन ने फोन किया तो उसने पंद्रह मिनट में आने की बात कही। घंटों बाद भी न लौटने पर परिजनों ने आसपास पूछताछ की तो पता चला कि विशाल अपना टेंपो भी ले गया है।

# चारधाम यात्री किराए में होगी वृद्धि



ऋषिकेश। संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि चारधाम यात्रा 2023 में समिति चारधाम यात्री किराए में वृद्धि करेगी। किराये में कितनी वृद्धि होगी इसका फैसला 14 फरवरी को टीजीएमओ मुख्यालय में आयोजित विभिन्न परिवहन कंपनियों की बैठक में सर्वसम्मति से लिया जाएगा। सूत्रों के मुताबिक यात्री किराये में 20 प्रतिशत तक वृद्धि करने पर मुहर लग सकती है। समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि बीते साल चारधाम यात्रा में रिकार्ड यात्री आए। लेकिन यात्रा में बसों का संचालन करने वाली रोटेशन समिति की सिर्फ 10 प्रतिशत बसें ही यात्रा पर गई। उन्होंने चारधाम यात्रा के पहले चरण में कॉमर्शियल वाहनों के संचालन को प्राथमिकता देने और यात्री पंजीकरण स्लॉट का आवंटन की जिम्मेदारी स्थानीय प्रशासन को देने की मांग सरकार से उठाई है।

सोमवार को संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति कार्यालय में पत्रकार वार्ता के दौरान समिति के अध्यक्ष संजय शास्त्री ने कहा कि पिछले वर्ष की असुविधा को ध्यान में रखते हुए 2023 की चारधाम यात्रा में करीब 1500 तीर्थयात्रियों के पंजीकरण का स्लॉट स्थानीय प्रशासन के पास सुरक्षित रखा जाना चाहिए। कहा कि पिछले साल यात्रा में प्राइवेट वाहनों का दबाव अधिक रहा है, इससे रोटेशन समिति की 90 प्रतिशत बसें यात्रा पर संचालित नहीं हो सकी। इसकी वजह दस्तावेज चेकिंग के नाम पर रोटेशन और अन्य व्यावसायिक वाहनों को चेक पोस्ट पर घंटों रोका जाना और प्राइवेट वाहनों की औपचारिक जांच के बाद तत्काल रवाना करना रहा। कहा कि इस बार यात्रा के पहले चरण में व्यावसायिक वाहनों के संचालन को प्राथमिकता दी जाए। मौके पर रूपकुंड पर्यटन विकास अध्यक्ष भूपाल सिंह नेगी, सचिव देवेंद्र रावत, टीजीएमओ उपाध्यक्ष यशपाल राणा, गढ़वाल कांट्रेक्ट कैरिज प्रतिनिधि अजय बधानी, जसपाल रौतेला, प्रेमपाल सिंह बिष्ट, अरुण कुमार आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

चमोली : कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा केन्द्र सरकार ने भारतीय जीवन बीमा निगम, भारतीय स्टेट बैंक और अन्य सार्वजानिक क्षेत्र के बैंकों से अपने उद्योगपति मित्र अडानी समूह में जबरदस्ती निवेश कराया। गोपेश्वर में एलआईसी और एसबीआई कार्यालय परिसर में केन्द्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा जीवन बीमा निगम द्वारा पालिसी धारकों का 39 करोड़ रुपया अडानी समूह में निवेश किया गया है। जिससे पालिसी धारको को 33,060 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय बैंको का अडानी समूह पर 80 हजार करोड़ रुपये का बकाया है। कांग्रेस पार्टी व्यापक जनहित में सार्वजनिक क्षेत्र की सम्पत्तियों के इस निवेश का पुरजोर विरोध करती है। (एजेंसी)

### सम्पूर्ण विस्थापन एवं पुनर्वास नीति की मांग

चमोली : जोशीमठ बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक अतुल सती का कहना है कि जोशीमठ आपदा प्रभावितों के विस्थापन पुनर्वास के सन्दर्भ में सरकारी कमेटी ने विस्थापन पुनर्वास से सम्बन्धी तीन प्रस्ताव सरकार को भेजे हैं। वे बहुत आधे अधूरे व अपरिपक्व सुझाव हैं। जिनसे कुछ भी स्पष्ट नहीं होता है। सोशल मीडिया के जरिए अपनी बात रखते हुए अतुल सती ने कहा उनकी मांग सम्पूर्ण विस्थापन एवं पुनर्वास नीति की है। जिसमें व्यापक तौर पर सभी प्रभावित लोगों के हितों के बारे में व उनके लिए किए जाने वाले पुनर्वास के सन्दर्भ में ठोस व्यवहारिक नीति होनी चाहिए। जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के हितों को समाहित किया जाना जरूरी है। व्यापारी, छोटे व्यापारी, कृषि से जुड़े लोग, दैनिक मजदूर, वेतन शुदा, होटल व्यवसायी, पर्यटन से जुड़े लोग, भूमिहीन व दस्तकार, स्थाई मूल निवासी एवं किराएदार आदि को भी नीति से लाभान्वित किया जाना चाहिए। (एजेंसी)

# अडानी मामले को लेकर कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरा



रुड़की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एसबीआई के बाहर धरना लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। कांग्रेसियों ने आरोप लगाया कि भाजपा की केंद्र सरकार उद्योगपति गौतम अडानी को लाभ पहुंचाने के लिए देश को कर्ज में धकेल रही है। बीटी गंज एसबीआई शाखा के बाहर धरने पर महानगर अध्यक्ष कलीम खान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार एलआईसी, भारतीय स्टेट बैंक और अन्य सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से अडानी समूह में जबरन निवेश कराया जा रहा है। कांग्रेस सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियों के इस निवेश का विरोध करती है। पूर्व मेयर यशपाल राणा ने कहा कि केंद्र सरकार आम लोगों के पैसे का इस्तेमाल अपने करीबियों की मदद के लिए कर रही है। देश को कर्ज में डुबाने का काम कर रही है।

कांग्रेस महासचिव एडवोकेट राजेंद्र चौधरी ने कहा कि मोदी सरकार ने 200 से अधिक सरकारी संस्थान अडानी को बेच दिए।

कार्यक्रम का संचालन महानगर महामंत्री श्रवण गोस्वामी ने किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री राम सिंह सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष बिट्टू शर्मा, सुधीर शांडिल्य, सलीम, सुशील कश्यप, अफजाल, आशीष सैनी, राजकुमार सैनी, मकसूद हसन, साजिद, उम्मेद गाजी, कुलदीप सिंह आदि मौजूद रहे।

## निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठाए सवाल

देहरादून। सरस्वती विहार विकास समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ से मुलाकात की। इस दौरान समिति के पदाधिकारियों ने विधायक को अवगत करवाया कि लोक निर्माण विभाग ऋषिकेश द्वारा वार्ड 52 सरस्वती विहार अजबपुर खुर्द में मार्गों पर सीसी टाइल्स लगाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मार्ग के दोनों तरफ कुछ कच्चा मार्ग छूट गया है। जिससे पानी की निकासी नहीं हो पा रही और दुर्घटनाएं होने की संभावना बढ़ गई है। उन्होंने इस तरह से काम करवाने की मांग की है, ताकि लोगों को दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़े।

## अल्पसंख्यक मोर्चा की मजबूती के लिए करेगें काम: तौफिक

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल के अल्पसंख्यक मोर्चा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष तौफिक अहमद ने कहा कि जनपद में अल्पसंख्यक मोर्चे के मजबूत करने का काम किया जायेगा। जिसके लिए जल्द ही मोर्चे की जिला कार्यकारिणी का विस्तार भी किया जायेगा।

जारी विज्ञप्ति में उन्होंने यह जिम्मेदारी दिये जाने के लिए भाजपा के जिला संगठन व अल्पसंख्यक मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन का आभार जताया। कहा की भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश नौटियाल की संस्तुति पर जिम्मेदारी मिलने के बाद जनपद में अल्पसंख्यकों के लिए काम तेज किया जायेगा। भाजपा की रीति–नीति और अल्पसंख्यकों के लिए प्रदेश व केंद्र सरकार की चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए अधिकाधिक लाभ दिलाने का काम तत्परता से किया जायेगा। आने वाले लोकसभा व स्थानीय निकाय चुनाव में भी अल्पसंख्यक मोर्चा अहम भूमिका के साथ काम करेगा। मोदी व धामी के कामों को जन–जन तक पहुंचाने का काम करेगा। अल्पसंख्यक मोर्चे की जिला कार्यकारिणी में जिम्मेदारी व कर्मठ लोगों को स्थान दिया जायेगा। (एजेंसी)

## जल संस्थान को नगर निकाय में शामिल करने की तैयारी का विरोध

देहरादून। उत्तराखंड जल संस्थान कर्मचारी संगठन ने पेयजल एजेंसियों को नगर निकायों में शामिल करने की तैयारी का विरोध किया। सरकार के स्तर पर इस तरह का कोई भी फैसला किए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी। साफ किया कि तत्काल जल निगम और जल संस्थान का एकीकरण कर पेयजल का राजकीयकरण किया जाए।

संगठन के महामंत्री रमेश बिंजौला ने कहा कि जानकारी मिली है कि सरकार जल संस्थान की नगर निगम क्षेत्र की पेयजल योजनाओं को नगर निगम के हवाले करने की तैयारी कर रही है। इस तरह की किसी भी तैयारी का प्रदेश स्तर पर विरोध किया जाएगा। इस तरह की तैयारी जल संस्थान के अस्तित्व को ही समाप्त करने की साजिश है।कर्मचारी संगठन लगातार पेयजल एजेंसियों को मजबूत करने की मांग कर रहे हैं। जल निगम और जल संस्थान का एकीकरण पेयजल को राजकीय विभाग बनाए जाने की मांग की जा रही है। शासन इसके उलट साजिश रच रहा है। इसे किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की जबरन कार्रवाई का विरोध होगा।

कर्मचारी इस मामले में हड़ताल, आंदोलन से पीछे नहीं हटेंगे। बेहतर यही है कि सरकार पेयजल एजेंसियों का एकीकरण का पेयजल को राजकीय विभाग बनाए।

## कर्मचारियों ने लगाया उत्पीड़न का आरोप

हरिद्वार। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य सेवा के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा के नेतृत्व में रुड़की,भगवानपुर, नारसन, भलस्वागज में भ्रमण कर कर्मचारियों की शिकायतों को सुना। जिसमें कर्मचारियों ने शिकायत की कि कर्मचारियों की एसीपी, जीपीएफ समय से नहीं मिलता है। सीएमओ कार्यालय से समय से स्वीकृति न मिलने के कारण कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारसन में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को दो माह का वेतन अभी तक नहीं मिला है। कर्मचारियों की वर्दी नहीं मिल पाई है जिससे कर्मचारियों में आक्रोश है।

# नसिरपुर कलां में पेयजल संकट



हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव नसिरपुर कलां में ग्रामीणों को पानी का संकट सता रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में चलाई गई पेयजल सुविधा को पंचायत के हैंडओवर नहीं किया गया है। पानी की टंकी की देखभाल के लिए भी कोई कर्मचारी नहीं है। जिससे चलते पिछले एक महीने से ग्रामीणों को टंकी का पानी नही मिल रहा है।

गांव नसिरपुर कलां में पेयजल सुविधा होने के बावजूद ग्रामीणों को पीने का पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीण सजिद अली, जहीर हसन, नसीम अहमद, मुनीर, शहनवाज, राशिद, सजिद अली, शहजाद, बिन्दु आदि का है कि ग्राम जल संस्थान द्वारा पानी की टंकी की देखभाल के लिए कोई कर्मचारी नहीं लगा रहा है न ही उसे पंचायत के हैंडओवर कर रहा है। टंकी पर कर्मचारी नहीं होने के कारण बोरवेल में लगी मोटर जल गई है जिसके कारण ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है। पानी नहीं मिलने के कारण ग्रामीण हैंडपंपों का दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इससे पूर्व भी मात्र दो घंटे ही पानी दिया जाता था। दो घंटे पानी की सप्लाई से ग्रामीणों की जरूरतें पूरी नहीं हो पाती थी। ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत संबंधित विभाग से की मगर स्थिति जस की तस बनी है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द पानी की सप्लाई व मोटर को ठीक नहीं किया गया तो इसकी शिकायत जिला अधिकारी से करेंगे। ग्रामीणों में इलियाश, यासीन, जहीर, फुरकान, रहमान, निशार, सौकीन, राजेश, नोसाद अली ने ग्राम सचिव से पानी की व्यवस्था ठीक करने की गुहार लगाई है।

ग्राम प्रधान गुलनाज ने बताया कि छह हजार की आबादी पानी को तरस रही है। विभाग को पानी की की टंकी पंचायत के हैंडओवर करनी चाहिए ताकि उसकी देखभाल हो सके। ग्राम सचिव अमित सैनी ने बताया कि टंकी पर लगे बोरवेल की बिजली की मोटर जल रही है जिसे रिपेयर कराया जाएगा।

# डीएम के जनसुनवाई कार्यक्रम में 112 शिकायतें हुई प्राप्त



देहरादून। जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में आज ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई कार्यक्रम में आज 112 शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर मामले भूमि से संबंधित प्राप्त हुए इसके अतिरिक्त पेंशन, सड़क पर अतिक्रमण, आर्थिक सहायता दिलाने, आर्थिक सहायता के नाम पर धोखाधड़ी करने, नलकूप निर्माण, लम्बें समय से गेस्ट हाउस बंद रहने, बैंक द्वारा सीज भवन से शैक्षिक अभिलेख दिलाने, आधारकार्ड अपडेट करने, शस्त्र लाइसेंस,सहारा इण्डिया द्वारा किए गए धोखाधड़ी, सीवर लाईन बंद करने, विद्युत पेयजल आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारियों, नगर निगम एवं एमडीडीए के अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि अतिक्रमण, अवैध कब्जे, अवैध निर्माण की शिकायतों पर अधीनस्थों से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरान्त स्वंय भी मौका मुआवना करते हुए आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता की सतुंष्टि न होने पर अधिकारी स्वंय मौका मुआवना कर संबंधित पक्षों से वार्ता करते हुए नियमानुसार समस्या का समाधान करें।जनसुनवाई में डाक पट्टी में लंबे समय से दाखिला खारिज न होने की शिकायत पर उप जिलाधिकारी सदर को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। सोहन लाल निवासी बड़ासी अपनी भूमि का सीमांकन करवाने के अनुरोध पर जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी प्रशासन को उक्त भूमि का राजस्व एवं वन विभाग से संयुक्त निरीक्षण करवाने के निर्देश दिए। ईस्ट होपटाउन में भूमि का ऑनलाइन दर्ज न होने तथा विकासनगर क्षेत्रान्तर्गत आंगनबाड़ी की भूमि पर कब्जा करने की शिकायतों पर उपजिलाधिकारी विकासनगर को जांच के निर्देश दिए। रायपुर निवासी विनोद सुयाल ने पड़ोसियों द्वारा अपनी निजी भूमि पर बाउन्ड्री न करने देने की शिकायत पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# बंदरों का बढ़ रहा आतंक, नींद में वन विभाग

## आए दिन लोगों पर हमला कर रहे उत्पाती बंदर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर में इन दिनों बंदरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। राजकीय बेस चिकित्सालय के साथ ही निजी अस्पतालों में आए दिन बंदरों के हमले में घायल जन पहुंच रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। शिकायत के बाद भी वन विभाग आबादी में बढ़ रहे बंदरों की समस्या को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

कोटद्वार नगर निगम क्षेत्र में शायद ही कोई ऐसा वार्ड हो जहां उत्पाती बंदर न दिखाई दें। सुबह से ही बंदर घरों में उत्पात मचाना शुरू कर देते हैं। बंदरों के कारण वार्डवासियों का अपने घरों की छत पर कपड़े व अनाज सुखाना भी मुश्किल हो गया है।

बेलाडाट निवासी पुष्पा देवी, अनीता देवी ने बताया कि बंदरों ने छतों में लगे टंकी के ढक्कन तक तोड़ दिए हैं।

यही नहीं, बंदरों के डर से बच्चों ने घर के बाहर खेलना भी छोड़ दिया है। अभिभावकों को अपने बच्चों को स्कूल भेजने व लेने के लिए साथ में जाना पड़ रहा है। बंदरों ने घरों के बाहर खेतों में लगाई गई साग–सब्जियों को भी बर्बाद कर दिया है। दरवाजे खुले होने पर बंदरों का झुंड घर के अंदर पहुंच जाता है।



कोटद्वार के मानपुर क्षेत्र के घर के बाहर खिड़की में बैठा बंदर

### बढ़ रहे बंदरों के हमले

क्षेत्र में उत्पाती बंदरों के हमले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार में एक माह के भीतर पंद्रह से अधिक ऐसे मरीज पहुंचे है, जो बंदरों के हमले में घायल हुए। बंदरों के हमले में घायल जन निजी क्लीनिकों में भी उपचार करवा रहे हैं। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग से बंदरों को पकड़कर जंगल में छुड़वाने की मांग की है।

# यूथ कांग्रेस ने फूंका विधानसभा अध्यक्ष का पुतला

## बाजार व भाबर को जोड़ने वाले सखरौ पुल के दोबारा धंसने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुखरौ पुल के फिर से धंसने पर रोष व्यक्त किया है। पुल की उचित तरह से मरम्मत न होने का आरोप लगाते हुए यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुल पर प्रदर्शन किया और प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण का पुतला दहन किया।

सोमवार को यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत के नेतृत्व में सुखरौ पुल पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने प्रदर्शन करते हुए कहा कि कुछ समय पहले पुल के क्षतिग्रस्त होने पर यूथ कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन किया था।

जिस पर विधायक और विभागीय अधिकारियों ने पुल की मरम्मत करने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया था, लेकिन लंबा समय बीतने के बाद भी पुल की हालत जस की तस है। अभी पुल को हल्के वाहनों के लिए खोला गया है। कहा कि प्रदेश सरकार कोटद्वार की जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। कार्यकर्ताओं ने पुल की सही तरह से मरम्मत करने और भारी वाहनों के लिए भी शीघ्र खोलने की मांग की। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल, प्रमोद रावत, अभिषेक रावत, मनीष, हिमांशु, मोहित अग्रवाल, रोहित रावत, मनीष चातुरी और शुभम सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।




कोटद्वार में विधानसभा अध्यक्ष का पुतला दहन करते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता।

## दिखावा है कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

कोटद्वार : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बिपिन कैंथोला ने कांग्रेस की हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा को मात्र दिखावा बताया है।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के नेता सोशल मीडिया प्लेटफार्म में एक दूसरे पर टिप्पणी करते हुए भाषाओं की सीमा लांघ जाते हैं, वह पार्टी हाथ से हाथ जोडने की बात करती हो तो यह दिन में सपने देखने समान लगता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की जनता कांग्रेस के शासनकाल में किये गए जनविरोधी कार्यों को भली भांति जानती है और यह भी जानती है कि उत्तराखंड में कांग्रेस के शासन काल में किस तरह से भ्रष्टाचार पूरे प्रदेश में व्याप्त था। अपने चहेतों को लाभ दिलाने के लिए कांग्रेस के नेता जनता के हितों को दरकिनार कर देते थे। कहा कि अब कांग्रेस की इस प्रकार की यात्रा महज केवल दिखावे के अलावा कुछ नहीं है।

## लोकार्पण 12 फरवरी को

श्रीनगर गढ़वाल : शारदानाथ घाट का लोकार्पण 12 फरवरी को किया जायेगा। गंगा आरती समिति के अध्यक्ष प्रेमल्लभ नैथानी ने बताया कि 12 फरवरी को प्रदेश चिकित्सा एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत घाट का लोकार्पण करेंगे। इससे पहले शारदानाथ घाट का लोकार्पण 14 जनवरी बसंत पंचमी के दिन होता तय हुआ था, लेकिन जोशीमठ शहर में आई आपदा के चलते शारदानाथ घाट के उद्घाटन कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया था। (एजेंसी)

## पूर्व सैनिक उमेद सिंह चौधरी का निधन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** पूर्व–सैनिक सेवा परिषद ने पूर्व सैनिक उमेद सिंह चौधरी के निधन पर शोक व्यक्त है। सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा शांति के लिए प्रार्थना की। अपर कालाबड़ क्षेत्र में शोक सभा का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि उमेद सिंह चौधरी ने सदैव देश हित में कार्य किया। गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए दिया गया उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। शोक व्यक्त करने वालों में परिषद के अध्यक्ष गौपाल कृष्ण बड़थ्वाल, सीपी डोबरियाल, महेंद्र पाल सिंह, गोपाल सिंह, हरेंद्र सिंह रावत, मनवर सिंह रावत, दिनेश जुयाल आदि मौजूद रहे।

# वारंटियों को किया गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार :** लैंसडौन पुलिस ने दो गैर जमानती वारंटियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने बताया कि न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट लैन्सडाउन द्वारा जारी वाद संख्या–105/2019, धारा–279/337/338 भादवि से सम्बन्धित वारण्टी करन सिंह पुत्र नन्दन सिंह, निवासी ग्राम–सरसू, पट्टी–असवालस्यूँ, जनपद पौड़ी गढ़वाल को पूर्व में न्यायालय द्वारा उक्त मामले में दोषसिद्ध किया गया था। दोषसिद्ध होने के उपरान्त से ही अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिये लगभग एक वर्ष से फरार चल रहा था। अभियुक्त पर मा0 न्यायालय से गैर जमानती वारण्ट जारी होने के उपरान्त लैंसडाउन पुलिस द्वारा ठोस सुरागरसी पतारसी करते हुये अभियुक्त को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट लैन्सडाउन द्वारा जारी वाद संख्या–121/2022, धारा–138 से सम्बन्धित वारण्टी नरेन्द्र शाह पुत्र स्व0 घयालू शाह, ग्राम–गोयूं, पट्टी–तल्ला बदलपुर, तहसील लैन्सडाउन के विरूद्ध जारी गैर जमानती वारण्ट के परिपेक्ष में जनपद की लैन्सडाउन पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गयी।



लैंसडौन पुलिस हिरासत में पकड़ा गया आरोपी ।

# भारत जोड़ों यात्रा ने देश को एकसूत्र में बांधा : राजपाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** कांग्रेस एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चलाई गई भारत जोड़ो यात्रा ने जाति धर्म के मतभेद से हटकर और नफरत को खत्म कर प्यार बांटकर देश को को एकसूत्र में बांधने का काम किया। साथ ही लोगों के बीच जाकर डरो मत का नारा दिया और अपनी आवाज को बुलंद करने के लिए प्रत्येक भारतवासी को प्रेरित किया। कहा कि इस यात्रा के बाद प्रदेश में हाथ से हाथ जोड़ यात्रा चलाई जा रही है, जिससे प्रदेश में कांग्रेस को मजबूत किया जाएगा।

कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होकर वापस लौटे एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट का कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस मौके पर नगर पंचायत वार्ड सदस्य आरती पंवार, पीसीसी सदस्य माया गुसाईं, कल्याण सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष कीरत सिंह रावत, महेन्द्र रावत, व्यापार मण्डल अध्यक्ष जयदीप नेगी, नगर अध्यक्ष सुरजन सिंह रौतेला, वरिष्ठ कांग्रेसी त्रिलोक सिंह नेगी, रणधीर सिंह, चन्द्रमोहन सिंह, यूथ कांग्रेस प्रदेश महासचिव आशीष नेगी, मोहित रावत, विधानसभा अध्यक्ष रोहन नेगी, छात्रसंघ अध्यक्ष दिव्या बोडकोटी, कोषाध्यक्ष अंकिता, यूआर अभिषेक आदि मौजूद रहे।



कांग्रेस एआईसीसी सदस्य राजपाल बिष्ट का स्वागत करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता।

## मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

कोटद्वार : रियल इस्टेट कंपनी पीएसीएल ठगी पीड़ित निवेशकों ने अब तक उनकी जमा राशि न मिलने पर रोष व्यक्त किया है। इस संबध में पीड़ितों की पदमपुर सुखरौ में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने कंपनी में अपनी मेहनत की कमाई को निवेश किया था, जो कंपनी के बंद होने के बाद अभी तक उन्हें वापस नहीं मिल पाई है। मौके पर निर्णय लिया गया कि 8 फरवरी को निवेशक रैली निकालेंगे और उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित करेंगे। तत्पश्चात 10 मार्च को देहरादून में मुख्यमंत्री आवास का घेराव और 23 मार्च को कर्तव्य पथ नई दिल्ली में राष्ट्रव्यापी आंदोलन किया जायेगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में किया प्रदर्शन

**संवाददाता**

**श्रीनगर गढ़वाल :** उत्तराखंड कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा एलआईसी एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जैसे सार्वजनिक उपक्रमों का निवेश जबरदस्ती अडानी समूह में कराए जाने के विरोध में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया कीर्तिनगर के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्यामलाल आर्य के नेतृत्व में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी भी की।

इस मौके पर श्यामलाल आर्य ने कहा कि नरेंद्र मोदी एवं भाजपा सरकार की गलत नीतियों, अदूरदर्शी फैसलों तथा अपने चहेते उद्योगपति मित्रों को नियम विरुद्ध लाभ देते हुए देश के करोड़ों बैंक खाता धारकों एवं भारतीय जीवन बीमा निगम के खाताधारकों का भविष्य खतरे में पड़ गया है। उनके निवेश पर अनिश्चितता के काले बादल मंडराने लगे हैं। आज पूरा देश नरेंद्र मोदी के इन गलत फैसलों की वजह से चिंतित है। युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अंकित सिंह ने कहा कि आम गरीब आदमी की गाढ़ी कमाई एलआईसी एवं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया में जमा है और इन उपक्रमों का निवेश अडानी समूह में जबरदस्ती कराकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम गरीब एवं मध्यम वर्गीय जनमानस के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। प्रदेश सचिव सेवादल मंगतराम मटियाल एवं सेवादल जिला अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह चंद ने कहा मोदी सरकार ने अडानी समूह में एलआईसी और एसबीआई जैसे सरकारी संस्थानों के बेहद जोखिम भरे लेन-देन और निवेश करवाए हैं। जिसने भारत के निवेशकों-एलआईसी के 29 करोड़ पॉलिसी धारकों और एसबीआई के 45 करोड़ खाताधारकों पर प्रतिकूल प्रभाव डाला है। मौके पर रामलाल नौटियाल, विनोद रौथाण, मीनाक्षी पोखरियाल, अनीता देवी, उदय सिंह रावत, वीरेंद्र राणा, सतीश लखेड़ा, भीम सिंह नेगी, सूरज आर्य, अभिषेक उनियाल, दिनेश आर्य आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## करंट लगने से लाइनमैन की मौत

कोटद्वार : ग्राम पुलिंडा में विद्युत लाइन की चपेट में आने से एक लाइनमैन की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने बताया कि लाइनमैन पुलिंडा निवासी रघुनाथ सिंह (59) पुत्र अवतार सिंह सोमवार दोपहर अपने घर के समीप विद्युत लाइन में कार्य कर रहे थे। नियमानुसार, रघुनाथ सिंह ने विद्युत कार्य प्रारंभ करने से पूर्व ट्रांसफार्मर से सटडाउन कर नीचे की लाइन बंद कर दी थी। जबकि, लाइन के ऊपर से 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन में करंट चालू था। बताया कि कार्य पूरा करने के बाद जब रघुनाथ सिंह ट्रांसफार्मर के ऊपर खड़े हुए तो उनका सिर 11 हजार वोल्ट की लाइन को छू गया। जिससे वह करंट की चपेट में आ गए। बताया कि परिजनों ने रघुनाथ सिंह को निजी वाहन से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# युवा कांग्रेस ने फूंका केंद्र सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : युवा कांग्रेस ने सतपुली एसबीआई बैंक के बाहर प्रदर्शन करते हुए केंद्र सरकार पर अडाणी समूह को बिना औपचारिकता पूरे किए करोड़ों का कर्ज देने का आरोप लगाया। कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार का पुतला फूंकते हुए इस मामले में निष्पक्ष जांच की मांग भी की। एआईसीसी के सदस्य राजपाल बिष्ट ने कहा कि अडाणी समूह में हुए जोखिम भरे निवेशों पर संसद में बहस होनी चाहिए। रिपोर्ट आने के बाद अडाणी के शेयर्स में तेजी से गिरावट आई, जिससे कई निवेशकों पैसा डूब गया। एलआईसी में अडानी ने बड़ा निवेश किया था जिसकी वजह से पॉलसीधारकों का पैसा डूबा है।

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों के कारण देश रसातल में जा रहा है और चंद पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। पदाधकारियों ने कहा कि एसबीआई और एलआईसी इस समूह को करोड़ो रुपया उधार दे चुकी है। ऐसे में देश के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो सकता है।

युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित सिंह और प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस उत्तराखंड आशीष नेगी ने कहा कि हाल ही में अडाणी समूह की एक रिपोर्ट जारी हुई है, जिसमे वित्तीय अनियमितता और स्टॉक बाजार में तेजी से बढ़ते हुए शेयर के दामों का मुद्दा उठाया गया। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि एसबीआई ने भी इस कंपनी को करोड़ों रुपये उधार दिए। मामले में रोष जाहिर करते हुए युवा कांग्रेस ने बैंक के सामने केंद्र सरकार पुतला फूंकते हुए मांग की कि जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस या संयुक्त संसदीय समिति की निष्पक्ष जांच इस मामले में करवाई जाए। प्रदर्शन करने वालों में विधानसभा अध्यक्ष रोहन नेगी, सुरजन रौतेला, अमित रावत, रविंद्र सिंह, कीरत रावत, विजेंदर सिंह, विकास रावत, नितिन ममगाईं, आलम, दिव्या बुडाकोटी, माया गोसाई, आरती आदि शामिल रहे।




कांग्रेस कार्यकर्ता केंद्र सरकार का पुतला दहन करते हुए।

## एबीवीपी का जिला सम्मेलन 20 फरवरी को

श्रीनगर गढ़वाल : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का जिला सम्मेलन 20 फरवरी को श्रीनगर में आयोजित होगा। सम्मेलन में एबीवीपी की चार इकाइयों देवप्रयाग, पौड़ी, श्रीनगर व चौरास से स्कूल व कॉलेजों के कार्यकर्ता शामिल होंगे। मौके पर कार्यकर्ताओं ने जिला सम्मेलन के पोस्टर का विमोचन भी किया। बिड़ला परिसर छात्र संघ भवन में पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के दौरान एबीवीपी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप राणा ने बताया कि सम्मेलन के दौरान श्रीनगर में आकर्षक विद्यार्थी संगम शोभा यात्रा व हुंकार रैली निकाली जाएगी। इस दौरान परिषद से अधिक से अधिक छात्रों के जुड़ने का आह्वान भी किया जाएगा। साथ ही सम्मेलन में शिक्षा से सबंधित विभिन्न प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। उन्होंने इस दौरान गढ़वाल विवि में अधिकारियों के पदों पर स्थायी नियुक्तियों की भारी कमी होने पर भी नाराजगी व्यक्त की। मौके पर जिला संयोजक अमन पंत, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गीता गड़िया, जसवंत राणा, दीपक चौधरी, अंजलि, राहुल पंवार, महिपाल बिष्ट आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर ठगी, वापस दिलवाई रकम

**कोटद्वार :** क्रिप्टो करेंसी के नाम पर युवक के खाते से ठगी गई लाखों को पुलिस ने वापस दिलवाया है। इस दौरान पुलिस ने आमजन से किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी नहीं देने की अपील की। न्यू मार्केट स्टेशन रोड निवासी संचित अग्रवाल ने आठ जनवरी को ठगी के संबंध में पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया था कि उन्हें किसी अज्ञात नंबर से फोन आया था। व्यक्ति का कहना था कि वह क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से पैसा डबल करने का काम करता है। बताया कि व्यक्ति की बातों पर भरोसा कर उन्होंने एक-एक लाख रुपये के माध्यम से उसे करीब तीन लाख 35 हजार रुपये दिए। इसका बाद जब उन्होंने व्यक्ति के मोबाइल पर फोन किया तो वह बंद था। साइबर निरीक्षक राजेंद्र सिंह खोलिया ने बताया कि पुलिस ने बैंक के माध्यम से व्यक्ति के खाते में ठगी गई रकम को वापस दिलवाया है। कहा कि उपभोक्ताओं को किसी भी व्यक्ति को अपने बैंक खाते से संबंधित जानकारी नहीं देनी चाहिए।

## कोषाध्यक्ष पद पर एक प्रत्याशी ने वापस लिया नाम

श्रीनगर गढ़वाल : 10 फरवरी को होने वाले बार एसोसिएशन श्रीनगर के चुनाव में कोषाध्यक्ष पद के प्रत्याशी अक्षय मल्होता ने सुबोध भट्ट के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया है। जिससे बार एसोसिएशन श्रीनगर के सभी पदों पर केवल एक-एक नामांकन रह गया है। जिससे सभी प्रत्याशियों के निर्विरोध चुना जाना तय है। बार एसोसिएशन श्रीनगर के संरक्षक अनूप पांथरी व चुनाव अधिकारी बलवीर सिंह रौतेला ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष पद पर प्रमेश चंद्र जोशी, उपाध्यक्ष पद पर जगजीत सिंह जयाड़ा, सचिव पद पर ब्रह्मानंद भट्ट, सहसचिव पद पर देवी प्रसार खरे व कोषाध्यक्ष पद पर सुबोध भट्ट ने नामांकन कराया है।

## क्विज प्रतियोगिता में प्रिंस ने मारी बाजी

श्रीनगर गढ़वाल : राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत होली एंजिल स्कूल देवली कीर्तिनगर में गोष्ठी आयोजित की गई। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कीर्तिनगर के काउंसलर प्रमिला बिष्ट, शकीर अहमद और सविता नेगी ने किशोरों के स्वास्थ्य संबंधित विभिन्न समस्याओं का समाधान को लेकर परामर्श दिया गया। मौके पर किशोर स्वास्थ्य को लेकर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रिंस महर ने प्रथम, आराध्य भंडारी ने द्वितीय और दिव्यांशी सेमल्टी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय प्रकाश जोशी, विजय प्रकाश जोशी, कुलदीप कुमार, राज सक्सेना आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# तेजी से घट रहा स्थायी हिमक्षेत्र, स्नोलाइन ऊपर की ओर हो रही शिफ्ट

नैनीताल : पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी तहसील में बहने वाली नदी गोरी गंगा की घाटी में तेजी से स्थायी हिमक्षेत्र घट रहा है। इसी रफ्तार से स्नोलाइन भी ऊपर की ओर शिफ्ट हो रही है। कुमाऊं विवि के ताजा शोध में यह परिणाम सामने आए हैं। यदि इसी तेजी से स्नो कवर में गिरावट होती रही तो 2040 तक गोरी गंगा वाटरशेड में स्थायी हिम खत्म हो जाएगा।

पिछले 26 वर्षों की गतिविधियों पर किए गए शोध में जलवायु परिवर्तन का खासा असर देखने को मिला है। साथ ही मानवीय क्रियाएं भी इसे प्रभावित कर रही हैं। कुमाऊं विश्वविद्यालय में भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. देवेंद्र सिंह परिहार ने गोरी गंगा वैली में हिम और वनस्पति पर तापमान के असर को लेकर शोध किया। उनके शोध का विषय स्पेशल टेंपोरल चेंज ऑफ स्नो एंड वेजिटेशन कवर इन गोरी गंगा वाटर शेड, कुमाऊं हिमालया बाइ यूजिंग रिमोट सेसिंग एंड जीआइएस टेक्निक्स रहा। गोरी गंगा क्षेत्र के 2191.93 वर्ग किमी में सैटेलाइट फोटोग्राफी एवं फील्ड सर्वे के माध्यम से अध्ययन किया गया। शोध में यह पता चला कि 1990 में जहां 30 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढका था। यह वर्ष 2016 में यह घटकर मात्र 15 फीसदी रह गया है। सन 1930 से 1990 तक कुल 104.64 वर्ग किमी क्षेत्रफल करीब 11.63 वर्ग किमी प्रतिवर्ष की दर से घटा है। वर्ष 1990 से 2016 तक कुल 348.43 वर्ग किमी, प्रति वर्ष 13.40 वर्ग किमी क्षेत्रफल की दर से कम हुआ है। विशेषज्ञों ने इसे ग्लोबल वार्मिंग का असर माना है। विशेषज्ञों के मुताबिक आने वाले वर्षों में ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव इसी दर से बढ़ता रहा तो 2040 तक गोरी गंगा वाटरशेड में स्थाई हिम खत्म हो जाएगा।

शोधकर्ता के अनुसार बर्फ आच्छादित क्षेत्र घटने के साथ ही क्षेत्र में स्थायी हिम रेखा भी ऊंचाई की ओर स्थानांतरित हो रही है। 1990 में स्थायी हिम रेखा 4665.02 मीटर, 1999 में 4764.97 मीटर व 2016 में 5068.95 मीटर की औसत ऊंचाई में पाई गई। जोकि निरंतर ऊंचाई की ओर शिफ्ट हो रही है। वर्ष 1990 से 1999 तक कुल 99.95 मीटर स्थायी हिम रेखा 11.1 मीटर प्रतिवर्ष 1999 से 2016 तक 303.98 मीटर, 17.88 मीटर प्रतिवर्ष की दर से स्थानांतरित हुई है। वर्ष 1990 से 2016 तक 26 वर्षों में 403.93 मीटर हिम रेखा स्थानांतरित हुई है। जिसकी औसत दर 15.33 मीटर प्रतिवर्ष रही है।

डॉ. डीएस परिहार ने बताया कि यह हिमालयी क्षेत्र होने के कारण बेहद संवेदनशील है, जोकि भौतिक व भूगर्भिक कारकों का परिणाम भी है।

यहां पर सक्रिय मानवीय अनियोजित विकास कार्यक्रम या मनमाने तरीके से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन इस संवेदनशीलता पर ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। जिनका प्रभाव यहां की कृषि व वानिकी पर पड़ रहा है। गोरी गंगा क्षेत्र में मौसम संबंधी प्राकृतिक आपदाएं और मानव जनित आपदाओं की घटित होने की प्रवृत्ति में तेजी आई है।

### बैंक मैनेजर पर लगाया बदसलूकी का आरोप

बागेश्वर : एसबीआई परिसर के आगे धरना दे रहे बैंक अधिकारी विवेकानंद यादव बदसूलकी शुरू कर दी। अधिकारी का कहना है कि उनके प्रदर्शन से उनके बैंक के खातेधारकों को परेशानी हो रही है। इस पर कार्यकर्ताओं का गुस्सा भी सातवें आसमान पर पहुंच गया। मामला बढ़ता देख सांसद प्रदीप टम्टा, विधायक ललित फर्स्वाण व जिलाध्यक्ष भगवत डसीला आदिन ने बीच–बचाव कर मामला शांत करवाया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि वह शांतिपूर्व ढंग से कार्यक्रम कर रहे थे। बैंक अधिकारी बत्तमीजी पर उतर आया। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला पंचायत परिसर पर कार्यक्रम कर रहे थे। बैंक के अंदर कोई भी कार्यकर्ता नहीं गया था। इधर बैंक अधिकारी ने बताया कि उन्होंने कोई बदसलूकी नहीं की। सिर्फ उनसे वार्ता की थी। (एजेंसी)

## कैमिकल से भरा टैंकर लीक, मचा हड़कंप

रुद्रपुर : सिडकुल की एक फैक्ट्री में पंजाब से आये कैमिकल से भरे टैंकर के लीकेज होने से हड़कंप मच गया। फैक्ट्री कर्मियों की सूचना पर दमकल कर्मी फैक्ट्री में पहुंचे और लीकेज को किसी तरह रोका।

लीकेज से कैमिकल को निकालकर करीब तीन गाड़ियों में भरे पानी को कैमिकल में डाला गया। करीब आधे घंटे तक चले अभियान के बाद किसी तरह कैमिकल को डायलूट किया गया। इसके बाद फैक्ट्री कर्मियों के साथ ही दमकल कर्मियों ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब सवा 9 बजे पंजाब के राजपुरा से एक कैमिकल का टेंकर नैश्ले फैक्ट्री के यार्ड में पहुंचा। टैंकर में कैमिकल निकलता देख वहां कर्मचारियों में खलबली मच गयी। फायर सैफ्टी ऑफिसर रामजद यादव ने सुबह करीब 9:45 बजे सूचना पर अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को दी। अधिकारियों ने तुरंत टैंकर को फैक्ट्री से निकालकर खाली स्थान पर खड़ा करने को कहा गया। सूचना के कुछ देर बाद ही मुख्य अग्निशमन अधिकारी वंश बहादुर, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ईशन सिंह फैक्ट्री पहुंचे। इसके बाद आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद कैमिकल को डायलूट किया गया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ईशन सिंह ने बताया कि ज्वलनशील पदार्थ नहीं होने के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया।



## डीएम ने किया जैविक उत्पाद विपणन केंद्र का उदघाटन

पिथौरागढ़ : सोमवार को गंगोलीहाट में कृषि विभाग के सौजन्य से पीकेवीवाई योजना के अंतर्गत जैविक उत्पाद विपणन केंद्र कृषि एवं कृषक कल्याण का उद्घाटन जिलाधिकारी रीना जोशी एवं विधायक गंगोलीहाट फकीर राम टम्टा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। जिसका संचालन महिला समूह जयकाशी स्वायत्त सहकारिता समूह ग्राम जजोली के द्वारा किया जा रहा है। समूह द्वारा जैविक उत्पाद जैसे मडुवा, धान, दाले, नीबू आदि उत्पादन करके विक्रय किया जा रहा है तथा अन्य कृषक बंधुओं द्वारा भी इस विपणन केंद्र पर अपना उत्पाद लाकर विक्रय किया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य कृषि अधिकारी ऋतु टम्टा, खंड विकास अधिकारी समीम अहमद, कृषि अधिकारी राजीव प्रजापति, विनीत चन्द्र, दान सिंह आदि उपस्थित रहे। (एजेंसी)

### पुल बना नहीं, लगा दिया साईन बोर्ड

पिथौरागढ़ : पांखू में सेरागाड में बनाया जा रहा 24 मीटर लंबा स्पान का स्टील गार्डर पुल का निर्माण कार्य 11 माह बाद भी पूरा नही हो सका है। लंबा समय बीते जाने के बावजूद कार्यदायी संस्था आधार स्तंभ की दीवार ही बना सकी है। निर्धारित समय में तो कार्यदायी संस्था पुल नहीं बना सकी, लेकिन बगैर पुल निर्माण के ही साईन बोर्ड सड़क किनारे जरूर खड़ा कर दिया है। मार्च 2022 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बौंगाड़–तोराथल सड़क में सेरागाड में स्टील गार्डर पुल का भी निर्माण कार्य शुरू हुआ। करीब एक करोड़ 42 लाख से पुल का निर्माण होना है। लेकिन अब तक पुल बनकर तैयार नहीं हो सका है। ग्राम प्रधान मनोज कार्की का कहना है कि पुल निर्माण का जिम्मा एनपीसीसी मुनस्यारी पर है।

## टनकपुर में जुलूस निकालकर किया प्रदर्शन

चम्पावत : रेलवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी करने के बाद लोगों में आक्रोश है। संयुक्त संघर्ष समिति ने रेलवे प्रशासन के खिलाफ सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद रेलवे स्टेशन से नगरपालिका होकर तहसील तक जुलूस निकाला। चेतावनी दी कि अगर रेलवे की ओर से कार्यवाही की गई तो वे लोग आंदोलन की राह पर चलने को मजबूर होंगे।

वार्ड तीन सभासद रईस अहमद के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने रेलवे स्टेशन से लेकर तहसील तक जुलूस निकाला।

जिसके बाद पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा और एसडीएम सुंदर सिंह को ज्ञापन सौंपकर कहा कि लगभग 50 वर्षों से यहां की जनता रेलवे स्टेशन के पास रह रही है। लेकिन बार-बार रेलवे अपनी भूमि बताकर यहां के लोगों का उत्पीड़न करता है। बताया कि तीन फरवरी को जारी नोटिस में न किसी रेलवे के अधिकारी के हस्ताक्षर हैं और न ही कागज में रेलवे की मुहर लगी हुई है।



कहा कि ये नोटिस पूर्ण रुप से असंवैधानिक व फर्जी है। समिति के लोगों ने कहा कि बीते वर्ष तहसील में हुई बैठक में निर्णय लिया गया था कि विवादित भूमि में रेलवे, राजस्व और नगरपालिका तीनों की ज्वाइंट सर्वे के बाद ही अंतिम निर्णय लेंगे।

## कांग्रेसियों ने निकाला भाजपा सरकार का जुलूस, फूंका पुतला



पिथौरागढ़ : देश व राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ आज बेरीनाग नगर कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया है। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के बैनर झंडे के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जुलूस निकाला। आज सुबह से ही कांग्रेस कार्यकर्ता लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में एकत्रित हुए,जिसके बाद कार्यकर्ता जुलूस नगर अध्यक्ष अमित पाठक के नेतृत्व में नगर के विभिन्न हिस्सों से होकर हाथों में झंडे बैनर लेकर नारेबाजी करते हुए शाहिद चौक पहुंचा। और जनसभा में तब्दील हो गया। जिसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी के साथ प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष बेरीनाग हेम पन्त, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता हयात सिंह बाफिला,गोपाल सिंह,सभासद बलवंत धनिक सहित तमाम कार्यकर्ताओं ने भाजपा के डबल इंजन की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि बीजेपी के सरकारों ने भ्रष्टाचार को रोजगार बना दिया है। साथ ही बीजेपी के कार्यकर्ता सरकार के साथ मिलकर प्रतियोगिता परीक्षाओं के पेपर लीक कर बेरोजगारों का गला घोट रही है।

### ऑनलाइन शॉपिंग का दिया झांसा, ठगे 50 हजार

रुद्रपुर : साइबर ठग ने ऑन लाइन शॉपिंग का झांसा देकर पचास हजार रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर सेल में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी विकास भवन में अपर संख्याधिकारी अरविंद मिश्रा ने प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बीती 24 दिसबंर को वह ऑनलाइन शॉपिंग से घरेलू खाद्य सामग्री का आर्डर कर रहा था। जिसमें डेबिट कार्ड नम्बर डिटेल का आप्शन आया था। आरोप है कि उसमें कार्ड नम्बर आदि अंकित करने पर अरविंद मिश्रा के बैंक अकांउट से पचास हजार रुपये निकल गए।

## भड़के सहकारी समिति के कर्मचारी, जिला सहायक निबंधक कार्यालय के बाहर दिया धरना

रुद्रपुर : पिछले चार माह से वेतन नहीं मिलने समेत विभिन्न मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारियों ने धरना दिया। नाराज कर्मचारियों ने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। सोमवार को सहकारी समितियां कर्मचारी यूनियन नैनीताल व ऊधमसिहनगर के बैनर तले समिति के कई कर्मचारी विकास भवन पहुंचे और जिला सहायक निबंधक कार्यालय के समक्ष धरन पर बैठ गये। इस दौरान कर्मचारियों ने कहा कि नानकमता दीर्घाकार बहुद्देशीय समिति विडौरा के कार्मियों को चार माह से वेतन नहीं दिया है। इसके अलावा सात अक्तूबर 2022 की बैठक में दो बिंदुओं पर जांच के लिए उपनिंबधक, सहकारी समितियां कुमाऊं मंडल की ओर से 21 नवंबर 2022 को दिए गए पत्र के आधार पर शीघ्र जांच करने और समिति कर्मचारियों का बार-बार सी–57 प्रपत्र का हवाला देकर उत्पीड़न बंद करने की मांग की गयी थी। लेकिन आज तक उनकी जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।



## उच्च न्यायालय के अधीन कमेटी बनाकर भर्ती धांधलियों की जांच की जाए

पिथौरागढ़ : राज्य लोक सेवा आयोग व अधीनस्थ चयन आयोग में लगातार सरकारी कर्मचारियों के पेपर लीक कराने पर युवाओं ने प्रदेश सरकार की कार्यशैली को लेकर आक्रोश जताया है। युवाओं ने भर्ती धांधलियों पर उच्च न्यायालय के अधीन कमेटी बनाकर जांच कराने की मांग की है। बेरोजगार युवाओं ने नगर पालिकाध्यक्ष राजेंद्र सिंह रावत के माध्यम से मुख्यमंत्री, लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष को पत्र भेजा है। युवाओं ने कहा कि जिन अधिकारियों व कर्मियों को पेपर कराने की जिम्मेदारी है वह युवाओं के साथ धोखा कर रहे हैं। अनुभाग अधिकारी जैसे उच्च पदों पर तैनात अधिकारी भी पेपर लीक कराने में गिरफ्तार किए गए हैं। यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में शिक्षक,पुलिस कर्मी व आयोग के सदस्य भी जेल की हवा खा चुके हैं। परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं में आयोगों के प्रति विश्वास नहीं रह गया है। जो युवा कई वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं अब वह खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। आयोग खुद ही जांच करा रहा है और खुद को क्लीन चिट देकर अपनी सफाई पेश कर रहा है। युवाओं ने सीएम से उच्च न्यायालय के अधीन सभी परीक्षाओं की जांच कराने की मांग की है। यहां सुरेश धामी, गणेश उपाध्याय, भुवन चन्द्र, मनोज कुमार, मयंक खर्कवाल, अजय कुमार, नरेंद्र अन्ना, रोहित पाठक, नीरज, हरीश, नेहा, पुष्पा, उमा रहे। (एजेंसी)

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

पिथौरागढ़ : पुलिस ने अवैध शराब के साथ दो लोगों को पकड़ा है। मुखबिर की सूचना पर नगर के नैनीसैनी क्षेत्र स्थित एक रेस्टोरेंट में एसआई मीनाक्षी रौतेला के नेतृत्व में पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को रेस्टोरेंट से अवैध शराब बरामद हुई।

### बैंक मैनेजर पर लगाया बदसलूकी का आरोप

बागेश्वर : एसबीआई परिसर के आगे धरना दे रहे बैंक अधिकारी विवेकानंद यादव बदसूलकी शुरू कर दी। अधिकारी का कहना है कि उनके प्रदर्शन से उनके बैंक के खातेधारकों को परेशानी हो रही है। इस पर कार्यकर्ताओं का गुस्सा भी सातवें आसमान पर पहुंच गया। मामला बढ़ता देख सांसद प्रदीप टम्टा, विधायक ललित फर्स्वाण व जिलाध्यक्ष भगवत डसीला आदिन ने बीच–बचाव कर मामला शांत करवाया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि वह शांतिपूर्व ढंग से कार्यक्रम कर रहे थे। बैंक अधिकारी बत्तमीजी पर उतर आया। कांग्रेस कार्यकर्ता जिला पंचायत परिसर पर कार्यक्रम कर रहे थे। बैंक के अंदर कोई भी कार्यकर्ता नहीं गया था।

## विधायक ने किया इंटर कॉलेज निर्माण को लेकर शैलजा फार्म का निरीक्षण

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने इंटर कॉलेज निर्माण को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ गंगापुर रोड स्थित शैलजा फार्म पर नगर निगम की जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया। सोमवार को निरीक्षण के दौरान विधायक अरोरा ने कहा कि रुद्रपुर में 1952 अदित्यनाथ झा कॉलेज के बाद कोई सरकारी इंटर कॉलेज का निर्माण नहीं हुआ है।

2006 में जीजीआईसी बालिका कॉलेज का निर्माण प्रीत विहार में हुआ था, लेकिन यहां सिर्फ बालिकाएं ही शिक्षा ग्रहण करती हैं। सिडकुल आने से यहां की आबादी चार लाख से भी अधिक हो गयी है जिसको देखते हुए ट्रांजिट कैम्प, जगतपुरा, मुखर्जीनगर, संजय नगर खेड़ा, खेड़ा, शिवनगर, गड्ढा कालोनी के लोगों को शिक्षा ग्रहण करने के लिये दो से ढाई किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। ऐसे में शैलजा फार्म पर स्कूल बनना जरूरी है। स्कूल का मामला शासन में विचाराधीन से इसे पर कार्रवाई को प्रयास किये जाएंगे। विधायक बनने बाद से ही उनके एजेंडा में ट्रांजिट कैम्प और उसके आसपास के क्षेत्र के बच्चों के लिये एक सरकारी इंटर कॉलेज का निर्माण शामिल रहा है। उन्होंने कहा कि रुद्रपुर क्षेत्र के विकास को लेकर सदैव कार्य कर रहे हैं।



## सरकारी बैंकों का दुरुपयोग किया जा रहा : कांग्रेस



रुद्रपुर : केंद्र की मोदी सरकार पर कांग्रेस ने जनता की गाढ़ी कमाई से अपने चहेते पूंजीपतियों को कर्ज से उबारने की साजिश रचने का आरोप लगाया। इसके विरोध में जिलामुख्यालय में प्रदर्शन किया।

साथ ही जनता की मेहनत की कमाई को पूंजीपतियों को बचाने में लगाने पर आंदोलन की चेतावनी दी।

सोमवार को कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष जगदीश तनेजा के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ता इंदिरा चौक स्थित एसबीआई बैंक परिसर पहुंचे और धरना दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार घाटे से जूझ रहे अडानी ग्रुप को बचाने के लिए उनके शेयर को एसबीआई और एलआईसी जैसी कंपनियों में झौंकने की साजिश रच रही है। प्रधानमंत्री के इशारे पर सरकारी बैंकों का दुरुपयोग किया जा रहा है। ताकि अडानी जैसे चहेते उद्योगपतियों को कर्ज से उबारा जा सके। उन्होंने कहा कि ऐसे उद्योगपतियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। जो देश के धन का दुरुपयोग कर अपने उद्योगों को उबारने में लगे हैं।

### छात्रों की जांच की, बांटी दवा

अल्मोड़ा : ज्ञानोदय जूनियर हाई स्कूल सोमेश्वर और अटल आदर्श जीआईसी सलोंज में राजकीय उप जिला चिकित्सालय सोमेश्वर की ओर से स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। विद्यालयों के अनेक छात्र छात्राएं वायरस संक्रमित पाए गए। उन्हें दवा का वितरण किया गया एवं मास्क लगाने की हिदायत दी गई। ज्ञानोदय हाई स्कूल में 80 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। जो कि वाइरल फीवर से संक्रमित मिले। स्वास्थ्य विभाग की टीम में उप जिला चिकित्सालय के डॉ आनंद नारायण तिवारी, डॉ अक्षय कैत्यूरा, डॉ दीपिका रानी, नीता नयाल, जगदीश जोशी, तरुण भाकुनी, हरीश प्रसाद आदि ने छात्र छात्राओं की जांच की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य गोविंद भाकुनी, सुरेश बोरा, प्रभारी प्रधानाचार्य तेज सिंह मेहरा, गिरीश आगरी, शंकर सिंह भैसोड़ा, नवीन सनवाल, ललित तिवारी, हुकम सिंह, रमेश दोसाद, नसरीन, आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## रंगारंग सांकृतिक कार्यक्रमों के साथ एनएसएस शिविर का आगाज

अल्मोड़ा : राजकीय आदर्श बालिका इंटर रानीखेत के प्राथमिक अनुभाग में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के शिविर की रंगारंग शुरूआत हुई।

अतिथियों ने एनएसएस के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए इसके समाज सेवा का बेहतरीन जरिया बताया। एनएसएस शिविर का प्रधानाचार्या बिशौला देवी सहित पीटीए अध्यक्ष ललित मेहन, एसएमसी अध्यक्ष प्रेमा देवी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर उद्घाटन किया। प्रधानाचार्या बिशौला देवी ने स्वयंसेवियों से राष्ट्रीय सेवा योजना की मूल भावना को आत्मसात करते हुए देश के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी बिंदु कोहली ने सात दिवसीय शिविर की कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए अतिथियों का स्वागत किया। शिविरार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मोहक प्रस्तुति देकर समां बांधा। (एजेंसी)



# लंबी कूद में गौरव तो 100 मी. दौड़ में कीर्तिपाल ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : नेहरू युवा केंद्र पौड़ी के तत्वावधान में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विभिन्न ब्लाकों में संकुल स्तर पर आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में युवा मंडलों ने बखूबी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लम्बी कूद में कल्जीखाल ब्लाक के गौरव थपलियाल प्रथम, पौड़ी के अंकित द्वितीय व एकेश्वर के हिमांशु जोशी तृतीय रहे। महिला वर्ग की बैडमिंटन में कोट ब्लाक की नीलम रावत व पूनम रावत की जोड़ी जीत दर्ज की। 100 मी. दौड में कीर्तिपाल प्रथम, गंगा द्वितीय व रेनुका तृतीय रही।कंडोलिया मैदान में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।


विजेता प्रतिभागी को सम्मानित करते हुए सीओ सदर प्रेमलाल टम्टा।

उन्होंने युवाओं में विकास और खेल प्रतिस्पर्धा की भावना पैदा करने के लिए किये जा रहे इस प्रकार के आयोजनों को जरूरी बताया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के तहत विजेता व उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिसमें पुरुष वर्ग की वॉलीबाल में पौड़ी ब्लाक के युवा मण्डल कण्डोलिया ने कल्जीखाल के युवा मण्डल ज्वाल्पाधाम को पराजित किया। कबड्डी में देलचैरी कोट ने पाबौ को हराया। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों को स्थानीय विधायक ने पुरस्कार वितरित किये। इस मौके पर सीओ सदर प्रेमलाल टम्टा, जिला युवा अधिकारी शैलेश भट्ट आदि मौजूद रहे। प्रतियोगिता में राकेश सिंह कठैत, राजेन्द्र सिंह रावत, व राकेश मोहन निर्णायक रहे। कार्यक्रम में जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे अजय कुमार, सुभाष शर्मा, सुभाष रावत, सुमित राणा, कविता पंवार, पारस रावत, ज्योति, वर्षा नेगी, अमित बड़थ्वाल, पंकज नेगी, हरिओम ध्यानी, राजीव धस्माना, अभिषेक बमराड़ा, प्रशांत चंद, शिवाक्ष रावत, दीक्षा, कनिष्का नेगी मौजूद रहे।

# एनएसएस स्वयंसेवी सैर सलीका अभियान का बनेगें हिस्सा

श्रीनगर गढ़वाल : गढ़वाल विवि के पर्वतीय पर्यटन एवं आतिथ्य अध्ययन केंद्र के अंतर्गत स्वच्छ भारत अभियान पर आधारित जिम्मेदार पर्यटन के लिए सैर सलीका अभियान पर केंद्रित संवाद कार्यशाल आयोजित की गई। कार्यशाला में गढ़वाल मंडल के तीस राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सहित इन ऋषिकेश डिजिटल प्लेटफार्म, ईको विकास समिति फूलों की घाटी और स्पर्श गंगा अभियान से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विवि की कुलपति प्रो. अन्नपूर्णा नौटियाल ने किया। उन्होंने कहा कि विवि के इस अभिनव प्रयास को विद्यालय शिक्षा के माध्यम से ही प्रभावी बनाया जा सकता है। कहा विकास के लिए भी सलीका आवश्यक है अन्यथा हम अनेक समस्याओं को विकास के साथ जोड़ देते हैं। प्रकृति, प्रवृत्ति, विकास और विचार की धारणा भी सही सलीके से किए जाने पर सार्थक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं। कार्यशाला में विशिष्ठ अतिथि के रूप प्रतिभाग करते हुए पर्यावरणविद पद्मश्री कल्याण सिंह रावत ने कहा कि मनुष्य का सलीका ही धरती के सौंदर्य तथा पर्यावरण को संरक्षित कर सकता है। विवि का यह दृष्टिकोण प्रशंसनीय है। इस प्रकार की पहल स्कूल, कॉलेज और विवि के शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रमों के पाठक्रम में आना चाहिए। विवि के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. आरएस नेगी ने इस पहल को राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रारूप में निर्धारित शिविरों का हिस्सा बनाए जाने का सुझाव दिया। मौके पर माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक पुष्कर सिंह नेगी, पर्यटन विभाग गढ़वाल विवि के प्रो. राकेश डोडी, विभागाध्यक्ष प्रो. एसके गुप्ता, पौड़ी परिसर के निदेशक प्रो. प्रभाकर बडोनी, डा. सर्वेश उनियाल, महेश पैन्यूली, चंद्रशेखर चौहान, रीता चमोली तथा मनु रावत, प्रो. रश्मि डोडी, डा. राहुल बहुगुणा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पेपर लीक मामलों को लेकर चुप नहीं बैठेगी कांग्रेस : भट्ट

नई टिहरी : उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता शांति प्रसाद भट्ट ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में लगातार हो रहे पेपर लीक मामलों में भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की संलिप्पतता सामने आने से भाजपा में असहज स्थिति पैदा हो गई है। इससे बचने के लिए भाजपा कांग्रेस की छवि धूमिल करने का काम कर सकती है। ऐसे में कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। बेनकाब करने का काम करेगी। भट्ट ने कहा कि पेपर लीक मामलों से उत्तराखंड का युवा वर्ग निराश होकर अवसाद में जा रहा है। ऐसे में भाजपा के कारनामों के खिलाफ कभी भी किसी भी बड़े राजनैतिक विस्फोट को देखा जा सकता है। (एजेंसी)

# चित्रकला प्रतियोगिता में सोनिया अव्वल

श्रीनगर गढ़वाल : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज श्रीनगर में राष्ट्रीय सेवा योजना पौड़ी के तत्वधान में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ईट राइट इंडिया मूवमेंट ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। \

इस अवसर पर राबाइंका और सरस्वती विद्या मंदिर श्रीकोट गंगानाली के स्वयं सेवियों ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ दंत चिकित्सक डा. केके गुप्ता ने सभी को अपने खानपान पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

एनएसएस पौड़ी जनपद के समन्वयक पारितोष रावत ने कहा कि ईट राइट मूवमेंट भारत सरकार एवं भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की एक पहल है। इस दौरान उन्होने स्वयंसोवियों को अभियान के बारें में विस्तृत जानकारी दी। कहा कि खानपान में दालों को अधिक एवं शक्कर व नमक का प्रयोग कम से कम करना चाहिए। गढ़वाल विवि के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. राकेश नेगी ने स्वयंसेवकों को इस पहल की शुरूआत अपने घर से करने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला में राबाइंका विद्यालय की प्रधानाचार्य सुमनलता पंवार, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डा. सरिता उनियाल मौजूद रहे। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सोनिया ने प्रथम, खुशी आर्य ने द्वितीय और कनिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि निशा और हंसिका ने चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। (एजेंसी)

## सर्व समाज के गुरु थे संत रविदासः कर्णवाल

रुड़की। संत शिरोमणि सतगुरु रविदास महाराज के प्रकाश पर्व पर रुहालकी रोड खानपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूर्व विधायक और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष देशराज कर्णवाल ने कहा कि संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सर्व समाज के गुरु थे। उन्होंने समाज सुधारक के रूप में काम किया। संत रविदास ने समाज को आपसी भाईचारा और समरसता की शिक्षा दी है। भारतीय जनता पार्टी भी सामाजिक समरसता के लिए काम कर रही है। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शोभाराम प्रजापति ने कहा कि पार्टी सबका साथ सबका विकास का संकल्प लेकर काम कर रही है। समाज सेविका वैजयंती माला, ब्लॉक प्रमुख करुणा कर्णवाल, कार्यक्रम संयोजिका रोमा सैनी ने अतिथियों का स्वागत किया और उन्हें संत रविदास के चित्र प्रतीक चिन्ह के तौर पर देकर सम्मानित किया।

## कायाकल्प की टीम ने किया सिविल अस्पताल का निरीक्षण

रुड़की। प्रदेश की कायाकल्प से जुड़ी एक टीम ने सिविल अस्पताल में व्यवस्थाओं की जांच की। केंद्र सरकार की टीम के आने से पहले राज्य की टीम पहुंची, ताकि केंद्र की टीम आने से पहले व्यवस्थाओं को ठीक किया जा सके। सिविल अस्पताल की ओर से कायाकल्प योजना के तहत आवेदन किया गया है। सिविल अस्पताल कायाकल्प में तीन बार पहले स्थान पर आ चुका है। पहले नंबर पर आने पर अस्पताल को अलग से पंद्रह लाख रुपये दिया जाता है। केंद्र की ओर से अस्पताल में मरीजों को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाएं को परखा जाता है। इसके आधार पर अंक दिए जाते हैं। टीम ने मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली।

# धोखाधड़ी करने वाले आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

चमोली : फर्जी सोसायटी के नाम पर लोगों के साथ धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध पुलिस ने धोखाधड़ी में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों के खिलाफ गैंगग्स्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी करने जा रही है।

पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र डोबाल ने बताया कि चमोली पुलिस ने जनशक्ति मल्टी स्टेट, मल्टी परपज कोऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और डायरेक्टर के विरुद्ध कोतवाली चमोली पर गैगस्टर एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

आरोपियों में मल्टी परपज कोपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के अध्यक्ष कपिल देव राठी पुत्र दलबीर सिंह राठी, निवासी ग्राम सांखोल झज्जर हरियाणा, हाल पता बीना एंक्लेव नागलोई, थाना नागलोई दिल्ली, डायरेक्टर पंकज गंभीर पुत्र महेंद्र सिंह गंभीर, निवासी–ग्राउंड फ्लोर 2/66 सुभाष नगर, थाना राजौरी गार्डन पश्चिम दिल्ली,उपाध्यक्ष मोनिका कपूर पत्नी संदीप कपूर, निवासी–345 प्रगति अपार्टमेंट पंजाबी बाग, थाना पंजाबी बाग पश्चिम दिल्ली, डायरेक्टर अनिल रावत पुत्र जय सिंह रावत, निवासी–ढालवाला, थाना मुनिकीरेती, जिला टिहरी गढ़वाल उत्तराखण्ड शामिल है। आरोपी संगठित गिरोह बनाकर उत्तराखण्ड के विभिन्न जनपदों में भोली–भाली जनता को अपने जाल में फंसाकर जगह–जगह फर्जी सोसाइटी के कार्यालय खोलकर लोगों को आरडी और एफडी खाते में ब्याज के नाम पर मोटा मुनाफा देने का लालच देकर खाते खुलवाने व धोखाधड़ी से धनराशि इकठ्ठा करके फरार हो जाते थे। कई जिलों में इनके खिलाफ मुकदमे दर्ज है। पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोभाल ने बताया कि आरोपियों के आपराधिक इतिहास को देखते हुए इनके खिलाफ गैगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। (एजेंसी)

## राज्य स्तरीय हैण्डबाल प्रतियोगिता 8 से

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राज्य स्तरीय हैण्डबाल प्रतियोगिता का आयोजन जनपद में किया जाएगा। यह प्रतियोगिता आगामी 8 से 10 फरवरी तक स्पोर्टस स्टेडियम गोपेश्वर में आयोजित की जाएगी।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या-297 दिनांक 29-10-2009 में मेरे पुत्र का नाम आदित्य तथा मेरी पत्नी का नाम श्रीमती सोनी बहुगुणा गलत दर्ज हो गया है। जबकि मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम आदित्य बहुगुणा (ADITYA BAHUGUNA) तथा मेरी पत्नी का सही नाम अनीता बहुगुणा (ANITA BAHUGUNA) है।

अतः मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या-297 दिनांक 29-10-2009 में मेरे पुत्र का सही व वास्तविक नाम आदित्य बहुगुणा (ADITYA BAHUGUNA) तथा मेरी पत्नी का सही नाम अनीता बहुगुणा (ANITA BAHUGUNA) दर्ज करके नया जन्म प्रमाण बनाकर जारी किया जाय।

**अरूण बहुगुणा पुत्र स्व0 बंशीधर बहुगुणा निवासी ग्राम काशीरामपुर तल्ला, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**


# महिला ने लगाया रिश्तेदार पर मकान कब्जाने का आरोप

रुड़की। लंबे समय से बीमार पति का एम्स ऋषिकेश में इलाज करा रही एक महिला के मकान पर उसी के एक रिश्तेदार ने कब्जा कर लिया। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मुंडलाना निवासी अनीसा पत्नी अब्दुल रहीम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका पति काफी समय से बीमार है। पिछले कई महीनों से वह अपने पति का उपचार एम्स ऋषिकेश में करा रही है। जहां पर उसका एक पुत्र भी रहता है। आने–जाने से बचने के लिए वह अपने पुत्र के पास किराए के मकान में ही ऋषिकेश में रह रही थी। उसके पति अस्पताल में ही भर्ती हैं। वह मकान में ताला लगाकर गई थी। आरोप है कि उसी के एक रिश्तेदार ने मकान का ताला तोड़कर उस पर कब्जा कर लिया।

## झबरेड़ा में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

रुड़की। कांग्रेसियों ने स्टेट बैंक के सामने प्रदर्शन किया। केंद्र सरकार पर अडानी समूह को गलत तरीके से फायदा पहुंचाने का आरोप लगाया। नगर अध्यक्ष गौरव वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने बैंक के सामने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया। नगर अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार इतने बड़े घोटाले के बाद भी चुप बैठी है। संसद में इस पर चर्चा नहीं होने दी जा रही है। अडानी समूह में एसबीआई और एलआईसी के जरिए निवेश कराकर आम लोगों के पैसे डुबाए गए।

# जनता दरबार में डीएम ने 30 शिकायतों का किया निराकरण

नई टिहरी : डीएम डा. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जनता दरबार आयोजित किया गया। जिसमें डीएम ने 30 जन शिकायतों का निस्तारण करते हुए सम्बंधित अधिकारियों को तय समय सीमा में जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम कार्यालय में आयोजित जनता दरबार में प्रधान ग्राम पंचायत मठियांण गांव परमानन्द मैठाणी ने नागणी–मठियाणगांव मोटर मार्ग से क्षतिग्रस्त सम्पर्क मार्ग एवं मोटर मार्ग डामरीकरण से ग्रामीणों को हो रही दिक्कतों का समाधान करने व मोबाइल टावर लगाने का अनुरोध किया। जिस पर डामरीकरण कार्य के संबंध में ईई पीएमजीएसवाई चम्बा को



विधिसम्मत कार्यवाही कर एक सप्ताह में निस्तारण के निर्देश दिए। एसडीएम और एडीएम को मोबाइल टावर के संबंध में वस्तुस्थिति से अवगत कराने को कहा। मोलधार निवासी राजीव कुमार ने अपनी बेनाप भूमि भवन का भुगतान कर विस्थापन की पात्रता दिये जाने का अनुरोध किया। जिस पर डीएम ने एसई पुनर्वास को प्रकरण की जांच कर नियमानुसार कार्यवाही कर 10 दिन में निस्तारण को कहा। प्रधान ग्राम पंचायत भेलुन्ता दिनेश चन्द्र जोशी ने हर घर नल के अन्तर्गत जल संस्थान के गांव में घटिया कार्य किये जाने की शिकायत की। जिस पर ईई जल संस्थान को जांच कर 15 दिन में रिपोर्ट देने को कहा। व्यापार मंडल बीपुरम ने शापिंग काम्पलैक्स भागीरथीपुरम नगरपालिका क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सीवर लाइन की मरम्मत करवाने की मांग की। मामले में एजीएम एचआर, टीएचडीसी व ईई जल संस्थान को कार्यवाही के निर्देश दिए। व्यापार मण्डल घुत्तू एवं क्षेत्रीय जनता ने आपदा बाढ़ नियंत्रण सुरक्षा दीवाल निर्माण में अनियमितता की जांच करवाने की मांग की। एसडीएम घनसाली को जांच के निर्देश दिए।


## नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पासपोर्ट में मेरा नाम कृष्ण चन्द्र पुत्र श्री प्रेम बल्लभ (KRISHNA CHANDRA S/o PREM BALLABH) गलतीवश अंकित हो गया है, जबकि आधारकार्ड आदि दस्तावेजों में मेरा सही नाम कृष्ण चन्द्र ध्यानी पुत्र प्रेम बल्लभ ध्यानी (KRISHNA CHANDRA DHYANI S/o PREM BALLABH DHYANI) है।

ग्राम व पोस्ट - तैड़िया लैन्सडौन गढ़वाल


# भोजना माताओं ने दी रसोईयों में तालाबंदी की चेतावनी

नई टिहरी : प्रतापनगर क्षेत्र की भोजन माताओं ने बैठक विभिन्न समस्याओं को लेकर बैठक कर 14 दिनों के भीतर समस्याओं व मांगों का समाधान न होने पर विद्यालय की रसोईयों में तालाबंदी करने की चेतावनी दी। इस बाबत डीएम को सामाजिक कार्यकर्ता सागर भंडारी के नेतृत्व में ज्ञापन भी प्रेषित किया। डीएम को प्रेषित ज्ञापन में मांग की गई कि वेतन भत्तों में वृद्धि कर सरकार तय न्यूनतम देय भत्ता दे। बच्चों की संख्या घटने शेष बच्चों व शिक्षकों के साथ भोजन माताओं को भी समयोजित करने का काम किया जाय। अन्य कर्मचारियों की भांति भोजन माताओं को अवकाश व अन्य सुविधायें दी जाय। भोजना माताओं का कार्य निर्धारण कर अन्य कार्य न लिया जाय। ग्रीष्म कालीन अवकाश भी वेतन दिया



जाय। भोजन माताओं को मानदेय सीधे उनके खातों में दिया जाय। इन मांगों को लेकर बैठक करने के बाद भोजन माताओं ने डीएम को प्रेषित ज्ञापन में चेतावनी दी है कि यदि दो सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होती है, तो वे विद्यालयों की रसोई में तालाबंदी को मजबूर होंगी। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में ममता देवी, बिकुला देवी, जशोदा देवी, भानुमति आदि शामिल रहे।

# प्राथमिक स्कूल को गोद लिया

रुड़की। धनौरी पीजी कॉलेज की सामाजिक सेवा समिति ने छात्र–छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए राजकीय प्राथमिक विद्यालय (प्रथम ) शिवदासपुर तेलीवाला को गोद लेने का निर्णय लिया गया। समिति के सदस्यों ने प्रधानाध्यापक खुसरो अली, शिक्षकों, छात्र–छात्राओं से वार्ता की। समिति के प्रभारी और प्राचार्य डॉ. सुमन पाल सिरोही ने कहा कि निजी स्कूलों की तुलना में सरकारी स्कूलों में कई सुविधाओं का अभाव है। यदि गैर–सरकारी संगठन और गैर–लाभकारी गैर–सरकारी संगठन इन सरकारी स्कूलों को अपनाने और उनकी मौजूदा स्थितियों में सुधार करने के लिए आगे आने लगे तो स्कूलों को सुविधा संपन्न बनाया जा सकता है। प्रधानाध्यापक खुसरो अली ने कहा कि स्कूल में दाखिले के लिए बच्चों की संख्या बढ़ रही है। इस दौरान समिति सदस्य डॉ. अलका सैनी, डॉ. प्रियंका शर्मा, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से निकाली संत रविदास शेभायात्रा

रुड़की। संत गुरु रविदास मंदिर सेवा समिति सुनहरा की ओर से संत रविदास की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। शोभायात्रा में डॉ. भीम राव आंबेडकर, मीराबाई, संत गुरु रविदास की झाकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा संत गुरु रविदास मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न मार्गो से निकली। इससे पूर्व भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर सेवा समिति के अध्यक्ष सोमपाल सिंह ने कहा कि गुरु रविदास के दिए गए संदेश और उनके दिखाए गए मार्ग पर चलकर हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सीकर्स ट्रस्ट (रजिस्ट्रर्ड सोसाइटी), पता-साधना केन्द्र आश्रम, ग्राम-डुमेट, तहसील-विकासनगर, जिला-देहरादून के नाम अपने स्वामित्व की तीन भूमियों का अन्य व्यक्तियों की भूमियों के साथ आपसी सहमति से विनिमय (Exchange) करने की इच्छुक है जिन का विवरण निम्नानुसार है :-

सीकर्स ट्रस्ट (Pan No. AAATS3344R) की भूमि खसरा नं01479, 1557, 1558, 1572, 1573, 1574, 1575, 1576, 1598, 1599, 1600, 1601, कुलरकबा 0.1710 हैक्टेयर मौजा-बिन्हार पूरब, परगना-पछुवादून, तहसील-विकासनगर, जिला-देहरादून में बतौर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है, का विनिमय श्री नरेश कुमार (आधार- 5159 3384 1527) पुत्र रमेशचन्द के स्वामित्व वाली भूमि खसरा संख्या 734 मि. रकबा 0.0770 है0, मौजा-डूमेट, परगना-पछवादून, तहसील-विकासनगर, जिला-देहरादून के साथ। तथा सीकर्स ट्रस्ट की भूमि खसरा नं. 690 व 722 कुलरकबा 0.2030 है0, मौजा-डुमेट, परगना-पछुवादून, तहसील-विकासनगर, जनपद-देहरादून में बतौर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है, का विनिमय श्रीमती जग्गो देवी (आधार- 5572 2040 5913) पत्नी स्व. चन्दन सिंह, श्री सुरेन्द्र सिंह (आधार- 7701 4720 4316) व श्री अतर सिंह (आधार- 4821 7726 3240) पुत्रगण स्व. चन्दन सिंह के स्वामित्व वाली भूमि खसरा नं. 733ख व 734 मि. कुल रकबा 0.2030 है0, मौजा-डूमेट, परगना-पछुवादून, तहसील-विकासनगर, जनपद-देहरादून के साथ। तथा सीकर्स ट्रस्ट की भूमि खसरा नं01556, 1595, 1602, 1608, 1621, 1624, 1632, 1818, 1827, 1842, 1852, 1867, 1868 मि0, 1869, 8486/136, कुल रकबा 0.3405 हैक्टेयर बतौर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज कागजात है, का विनिमय श्री भोपाल कुमार व श्री अनिल कुमार (आधार-8273 8205 9491) पुत्रगण स्व0 लब्बू के स्वामित्व वाली भूमि खसरा संख्या 734 मि. रकबा 0.1540 है0, मौजा-डूमेट, परगना-पछवादून, तहसील-विकासनगर, जिला-देहरादून के साथ। तथा सीकर्स ट्रस्ट की भूमि खसरा भूमि खसरा नं01874, 1876, 1880, 1881, 1892, 1904, 1907, कुलरकबा 0.0830 हैक्टेयर बतौर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज कागजात है, का विनिमय श्रीचतर सिंह (आधार- 2611 5539 8269) पुत्र श्रीतिलक सिंह निवासी ग्राम-हड़ोवाला, तहसील-विकासनगर, जिला-देहरादून के स्वामित्व वाली भूमि खसरा संख्या 1232 मि. रकबा 0.0385 है0, मौजा-डूमेट, परगना-पछवादून, तहसील-विकासनगर, जिला-देहरादून के साथ। सीकर्स ट्रस्ट सोसायटी द्वारा दिनांक 28.01.2023 को उक्त भूमियों के विनिमय (Exchange) करने के लिये अनुमति लिये जाने हेतु रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, उत्तराखण्ड को आवेदन किया गया है। यदि किसी व्यक्ति, सोसाइटीज अथवा वित्तीय संस्थान बैंक इत्यादि को इस संबंध में कोई आपत्ति हो अथवा कुछ कहना हो तो वह इस विज्ञापन के प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स, उत्तराखण्ड अनिकेत विहार, पो0 डिफेन्स कालोनी, दून यूनिवर्सिटी रोड, देहरादून के कार्यालय में अपनी आपत्ति/कथन प्रस्तुत कर सकता है।


## सड़कें ही क्षेत्र के विकास का आइना : मेयर

ऋषिकेश। मेयर अनिता ममगाईं ने कहा कि सड़कें ही क्षेत्र के विकास का आइना होती हैं। सभी क्षेत्रों में सड़क, नाली, सीवर की सुविधा पहुंचाई जा रही है। सोमवार को इंदिरानगर में मेयर अनिता ममगाईं ने पांच लाख की लागत से बनाई जाने वाली सड़कों और नालियों का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि बुनियादी सुविधाओं पर हर व्यक्ति का हक है। सड़क के निर्माण के बाद हमेशा के लिए लोगों को गंदगी और कीचड़ से निजात मिल जाएगी। वहीं सड़क के साथ नाली का निर्माण होने से घरों से निकलने वाला पानी सड़क पर नहीं आएगा। उन्होंने क्षेत्र में सरकार के माध्यम से करवाए जा रहे कार्यों की जानकारी भी आमजन को दी। इस दौरान सीवर लाइन और पेयजल के लो प्रेशर की समस्या को लेकर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को समस्या का निवारण करने के लिए कहा। मौके पर पार्षद जगत सिंह नेगी, लक्ष्मी बुड़ाकोटी, बॉबी गर्ग, भगवानी नेगी, माया शर्मा, कुसुम अग्रवाल, मंजू कंडवाल आदि उपस्थित रहे।

# पेयजल किल्लत से आक्रोशित महिलाओं ने किया प्रदर्शन

चम्पावत : बाराकोट के ग्राम पंचायत तड़ीगांव में चार महीनों से पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं ने खाली बर्तनों के साथ जल संस्थान के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावन दी कि अगर जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारु न हुई तो वह आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएंगे। ग्राम प्रधान हेमा तिवारी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि चार महीनों से



गांव में पानी नहीं आ रहा है। ग्रामीण नौले, धारे और मीलों दूर जाकर पानी ढो रहे हैं। जल संस्थान के अभियंता भुवन भट्ट ने बताया दो दिन पूर्व में लाइन टूटी थी। जो ठीक कर ली गई है। शीघ्र गांव में कर्मचारियों को भेजकर समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। यहां हेमा देवी, दुर्गा देवी, सुनीता देवी, तारा राम, मोहन राम, हरीश राम, सुरेश राम, शंकर राम, उमेश राम आदि रहे। (एजेंसी)

## सम्पादकीय

# निरंतर भूकंप बड़े विनाश का संकेत

तुर्की एवं सीरिया में आए भयंकर भूकंप ने पूरे विश्व में हलचल मचा दी है। 1000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं जबकि दोनों स्थानों पर बड़े स्तर पर हानि हुई है। भूकंप का क्रम पूरे विश्व में बढ़ता हुआ दिख रहा है और भारत भी इसकी चपेट में आता रहता है। भारत के लोग गुजरात के भुज का भूकंप कभी नहीं भूल सकते तो वही भारत के पड़ोसी देश नेपाल ने भी भूकंप की बड़ी विभीषिका की मार झेली है। तमाम संसाधन एवं तकनीक के बावजूद भी भूकंप के पूर्वानुमान को लेकर कोई सटीक भविष्यवाणी नहीं हो पा रही है जिससे कि लोग बड़ी संख्या में इस प्रातिक आपदा के कारण हताहत हो रहे हैं। भारत का उत्तराखंड राज्य भूकंप के लिहाज से एक संवेदनशील प्रदेश है और यहां नियमित तौर पर भूकंप के झटकों को महसूस किया जाता रहा है। 1992 में उत्तराखंड के उत्तरकाशी में आए भूकंप ने अपना बड़ा असर छोड़ा था जिसमें कई लोगों की जान गई। उस वक्त से लेकर आज तक उत्तराखंड की धरती जमीन के कई किलोमीटर नीचे होने वाली हलचल से हिलती आई है। पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण हमेशा ही यहां जान मान की हाली का खतरा बना रहता है। तकनीकी बात करें तो भूकंप का पूर्वानुमान करना अब ज्यादा मुश्किल नहीं है लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी यह है कि इस संबंध में अब नियमित तौर पर आम लोगों को सचेत रखा जाए। जिस प्रकार से मौसम की जानकारी हमारी दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है उसी प्रकार आप भूकंप हुआ अन्य प्रातिक आपदाओं को लेकर जनता को समय-समय पर सचेत करना चाहिए। भूकंप से बचने के लिए यूं तो कई प्रकार के इतिहास बरसने का प्रशिक्षण दिया जाता रहा है लेकिन यह भी समझना होगा कि आखिर भूकंप के पीटे कैसी परिस्थितियां छिपी रहती है ?भूकम्प या भूचाल पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल (लिथोस्फीयर) में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरे नगर को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है। भूकंप को नापने के लिए वैज्ञानिकों ने भूकंप मापी यंत्र का आविष्कार किया है, जिसे सीस्मोग्राफ कहा जाता है। जिसकी प्रचलित माप रिएक्टर के तौर पर पहचानी जाती है.तुर्की एवं सीरिया में में आया भूकंप 78 रिएक्टर स्केल का था । या उस से कम रिक्टर परिमाण की जबकि रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण होता है। पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है, जो सूनामी का कारण है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी गतिविधियों को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप आने के दौरान सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है कि संयम रखा जाए एवं ऐसे स्थानों की खोज की जाए जो सुरक्षित हो। खास तौर से महानगरों की उंची इमारतों में रहने वाले लोगों को इस दौरान बेहद सतर्कता एवं सावधानी से कार्य लेना चाहिए। बात अपने देश की करे तो यह अब जरूरी हो गया है कि भूकंप के पूर्वानुमान की तकनीक को और अधिक विकसित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकारों को भूकंप के संबंध में नियमित तौर पर सूचना एवं अलर्ट जारी करने की व्यवस्था को अमल में लाना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की संभावित भूकंप जैसी घटना से पूर्व बड़ी जनहानि को रोका जा सके।

# जोशीमठ त्रासदी से सबक ले बने विकास -पर्यटन नीति

**ऋषिगंगा का यह सैलाब आगे बढ़कर धौलीगंगा में मिला और उस पर मौजूद एनटीपीसी के पावर प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचाने के अलावा वहां काम कर रहे मजदूरों, नजदीकी मुरिंडा नामक जंगल में घास काटने गई महिलाओं समेत 50 से ज्यादा लोगों को लील गया। ये आंकड़े तो सरकारी हैं, बताते हैं कि ा षिगंगा में आई बाढ़ 150 से 200 मौतों का सबब बनी थी। एनटीपीसी की एक पनबिजली परियोजना जोशीमठ में भी है, जिसके लिए शहर के नीचे एक टनल बनाई जा रही है । कहने वाले कह रहे हैं कि यह टनल ही पहाड़ के दरकने की मूल वजह है। उधर, एक रोपवे प्रोजेक्ट भी है, जिसके खंबों के नीचे से ही बताते हैं कि पहाड़ की दरार शुरू हुई है और वहां से खिंचते-खिंचते शहर में उतर आई है। इसलिए बहस तेज है कि विकास के लिए पहाड़ पर बम की तरह बरसता इंसानी दखल ही जोशीमठ की रौनक बुझाने वाला साबित हो रहा है।**



**अजय दीक्षित**

हिमालय की गोद में बसा आदि शंकराचार्य की तपस्थली और चार धामों में एक ज्योतिर्पीठ के रूप में विख्यात उत्तराखण्ड का ज्योतिर्मठ या जोशीमठ है, जिसका एक हिस्सा तेजी से धंस रहा है। धंसते शहर की त्रासदी यह है कि यहां रहने वाले करीब सात सौ परिवारों के घर दरारों से पट गए हैं और ढहने का खतरा देखते हुए उनमें रहने वालों को राहत शिविरों में भेज दिया गया है। धंसती इमारतें नजदीकी भवनों के लिए खतरा न बन जाएं, इसलिए उन्हें ढहाने का काम भी शुरू हो चुका है। जोशीमठ धंस रहा है, यह चर्चा बीते कई महीनों से थी। पर इधर जब एक के बाद एक करके छह-सात सौ घरों, होटलों, आंगनबाड़ी केन्द्र और तमाम इमारतों में फर्श, दीवारों में दरारें चौड़ी होने लगीं और भीतर से इनका दरकना टूटना शुरू हो गया तो लोगों के पास वहां से बाहर निकल कोई और आसरा खोजने के सिवा कोई अन्य विकल्प नहीं बचा। यह एक भूकंप है जिसे पहले से बूझ लिया गया है। राहत सिर्फ इतनी है कि इस भूकंप से जान का कोई नुकसान नहीं होगा, बशर्ते अपनी जिंद्गी भर की कमाई से बनाए घर से बेघर होने पर ठण्ड उसे न मार दे। सरकार-प्रशासन के स्तर पर राहत शिविर बनाने, जांच कमेटी गठित करने, प्रशासनिक अधिकारियों को बचाव कार्य के निर्देश जारी करने, मुख्यमंत्री के दौरे और प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से सक्रियता दिखाने के अलावा एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमों की तैनाती जैसे प्रबंध कर दिए गए हैं। पर जोशीमठ के दरकने की घटना कोई पहली बार नहीं हो रही है। सिर्फ जोशीमठ ही क्यों, समूचा उत्तराखंड या कहें हिमालय इससे पहले भी टूटा फूटता धंसता- दरकता या यूं कहें कि घायल होता रहा है। वर्ष 2013 की 15-16 जून को घटित केदारनाथ त्रासदी को याद कर लें । फरवरी, 2021 में तपोवन इलाके के गांव रैणी में ग्लेशियर फटने की घटना को देख लें। सप्ता षि और चंबा नाम के दो पहाड़ों के बीच स्थित ग्लेशियर फटा तो नीचे स्थित ऋषिगंगा में सुनामी आ गई। ऋषिगंगा का यह सैलाब आगे बढ़कर धौलीगंगा में मिला और उस पर मौजूद एनटीपीसी के पावर प्रोजेक्ट को नुकसान पहुंचाने के अलावा वहां काम कर रहे मजदूरों, नजदीकी मुरिंडा नामक जंगल में घास काटने गई महिलाओं समेत 50 से ज्यादा लोगों को लील गया। ये आंकड़े तो सरकारी हैं, बताते हैं कि ा षिगंगा में आई बाढ़ 150 से 200 मौतों का सबब बनी थी। एनटीपीसी की एक पनबिजली परियोजना जोशीमठ में भी है, जिसके लिए शहर के नीचे एक टनल बनाई जा रही है । कहने वाले कह रहे हैं कि यह टनल ही पहाड़ के दरकने की मूल वजह है। उधर, एक रोपवे प्रोजेक्ट भी है, जिसके खंबों के नीचे से ही बताते हैं कि पहाड़ की दरार शुरू हुई है और वहां से खिंचते-खिंचते शहर में उतर आई है।

इसलिए बहस तेज है कि विकास के लिए पहाड़ पर बम की तरह बरसता इंसानी दखल ही जोशीमठ की रौनक बुझाने वाला साबित हो रहा है। हो सकता है कि जोशीमठ का मामला कुछ दिनों में शांत हो जाए या फिर सरकारी पराक्रम से मीडिया की सुर्खियों में रहने लायक न रह जाए, पर ऐसी दखलंदाजी पर देश की सर्वोच्च अदालत के आदेश पर बनी पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की 11 सदस्यीय विशेषज्ञ संस्था आज से नौ साल पहले जो बात कह चुकी है, उस पर हमें कान देने चाहिए। केदारनाथ त्रासदी (16-17 जून, 2013 की दरम्यानी रात ) की जांच के लिए बनाई गई इस विशेषज्ञ संस्थान संस्था ने 2014 में अपनी रिपोर्ट दी और उसमें कहा था कि उत्तराखंड में मौजूद और जारी निर्माणाधीन जल विद्युत परियोजनाएं पहाड़ में हो रहे विनाश के लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार हैं। उत्तराखंड में विकास का ताजा घटनाक्रम वहां बने अल वेदर हाईवे (रोड) प्रोजेक्ट से संबंधित है, पर उसके आगे-पीटे भी तमाम ऐसी गतिविधियां इस पर्वतीय राज्य में चल रही हैं जिन्होंने प्रति और वहां रह रहे लोगों को त्राहिमाम कहने को मजबूर कर दिया है। हमारे देश में, खासकर उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश आदि पर्वतीय राज्यों में आज हर पर्यटन स्थल दुकानों से भरा हुआ है। जरा सोचिए कि जिस पहाड़ जंगल में ऊंची आवाज में बोलना इसलिए वर्जित माना जाता है ताकि वहां के वन्यजीवों और शांति में खलल न पड़े, वहां केदरानाथ के लिए गर्जना करते हेलीकप्टरों की सतत आवाजाही (कपाट खुलने बंद होने तक) जारी रहती है। तीर्थ क्षेत्र में आक्रामक पर्यटन के वास्ते बन रही परियोजनाएं कहीं ज्यादा नुकसान कर रही हैं। हालांकि जोशीमठ के धंसने-दरकने के कुछ कारण और हैं । यहां की जमीन चूंकि खोखली है, इसलिए वह खिसकती और धंसती रहती है। इससे जमीन के ऊपर बने मकानों में जब-तब दरारें उभरने लगती हैं। साल 2006 में आई एक वैज्ञानिक रिपोर्ट में कहा गया था कि जोशीमठ प्रतिवर्ष एक सेंटीमीटर धंस रहा है ।

# संसद में फिर विपक्षी पार्टियां कांग्रेस के साथ

कांग्रेस पार्टी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए बुलाया तो लगभग सारी विपक्षी पार्टियां नदारद रहीं। यूपीए में शामिल पार्टियों के नेता भी कांग्रेस की यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होने श्रीनगर नहीं गए। लेकिन संसद का सत्र शुरू होते ही सारी विपक्षी पार्टियां कांग्रेस के साथ जुड़ गई हैं। इससे पहले भी ऐसा ही हुआ था। विपक्ष के नेता यात्रा में शामिल नहीं हो रहे थे लेकिन दिसंबर में हुए शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के साथ थे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने सत्र के दौरान दो बार बैठक की थी और दोनों बार लगभग सारी विपक्षी पार्टियां उसमें शामिल हुई थीं। यहां तक कि कांग्रेस का विरोध कर रही आम आदमी पार्टी और भारत राष्ट्र समिति ने भी उसमें हिस्सा लिया था।

सत्र खत्म होते ही विपक्ष की एकता भी खत्म हो गई और कई विपक्षी पार्टियां भाजपा की तरह ही कांग्रेस से भी दूरी दिखाने लगीं। अब फिर बजट सत्र में आम आदमी पार्टी और बीआरएस से लेकर सारी विपक्षी पार्टियां कांग्रेस के साथ हैं। राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने गुरुवार और शुक्रवार को बैठक बुलाई तो सारी पार्टियां शामिल हुईं। तृणमूल कांग्रेस और बीआरएस व आप के नेता बैठक में गए और साझा रणनीति बना कर काम किया। असल में संसद में विपक्षी पार्टियों को कांग्रेस की जरूरत है क्योंकि वहां कांग्रेस अब भी मजबूत है। उसके बगैर सरकार को प्रभावी

# मुद्दा : स्कैवेंजिंग से मिलेगी मुक्ति

**जयसिंह रावत**

मौजूदा सरकार का अंतिम पूर्ण बजट होने के कारण वित्त मंत्री सीतारमण ने अपने बजट 2023-24 में समाज के लगभग सभी वर्ग को छूने का प्रयास किया है, लेकिन इस बजट में सामाजिक तौर पर जो महवपूर्ण बात नजर आ रही है वह सफाई कर्मचारियों को मैनुअल स्कैवेंजिंग से मुक्ति दिलाने के लिए सेप्टिक टैंकों और गंदी नालियों की सफाई के लिए मशीनीकरण शुरू करने की है।

वास्तव में कानूनी प्रावधानों के बावजूद व्यावहारिक कठिनाइयों और दृढ़ इच्छाशक्ति के अभाव में सिर पर मैला ढोने या दूसरों की गंद्गी को हाथ से साफ करने का कलंक समाज के माथे से साफ नहीं हो रहा है। अब भी हर साल सैकड़ों की संख्या में सफाईकर्मी सीवरलाइनों के अंदर दम घुटने से जान गंवा रहे हैं। आज भी स्कैवेंजिंग का काम अनुसूचित जाति के एक वर्ग के भरोसे चल रहा है। वित्त मंत्री द्वारा पेश केंद्र सरकार के वार्षिक बजट 2023-24 में संकल्प लिया गया है कि सेप्टिक टैंकों और नालों से मानव द्वारा गाद निकालने का काम पूरी तरह से मशीनयुक्त बनाने के लिए शहरों को तैयार किया जाएगा।

जाहिर है कि केंद्र सरकार इस प्रथा की मुक्ति के लिए नगर निकायों को मशीनें उपलब्ध कराएगी या उसके लिए अलग से बजट देगी। स्वच्छता अभियान के तहत केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच मुक्ति का अभियान 2014 से चला चुकी है। हालांकि खुले में मुक्ति के लिए अक्टूबर 2019 तक का लक्ष्य रखा गया था जो कि व्यवहार में अभी तक अधूरा है। फिर भी उस मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में करोड़ों घरों में शौचालय बने हैं। अब इस अभियान को अगर दिलोजान से चलाया गया तो इंसानों की एक बिरादरी को सचमुच दूसरों की गंद्गी साफ करने से कलंक से मुक्ति मिल जाएगी। महात्मा गांधी और डा अम्बेडकर दोनों ने ही हाथ से मैला ढोने की प्रथा का पुरजोर विरोध किया था। यह प्रथा संविधान के अनुच्छेद 15, 21, 38 और 42 के प्रावधानों के भी खिलाफ है। आजादी के



7 दशक बाद भी इस प्रथा का जारी रहना देश के लिए शर्मनाक है। लातूर महाराष्ट्र के सांसद सुधाकर तुकाराम के एक प्रश्न के उत्तर में लोक सभा में 2 फरवरी 2021 को तत्कालीन सामाजिक अधिकारिता मंत्री थावरचंद गहलोत का जवाब था कि 31 दिसम्बर 2020 तक उससे पिछले 5 सालों में देशभर में सीवर लाइनें साफ करते हुए 340 सफाइकर्मियों की मौत हुई। इनमें सर्वाधक 52 सफाईकर्मी उत्तर प्रदेश में मारे गए। उसके बाद तमिलनाडु की गंदी नालियां जाति विशेष के कर्मियों के लिए मरघट बनीं जहां 43 लोगों ने जानें गंवाई।

देश की राजधानी दिल्ली में 36 सफाईकर्मियों ने नारकीय परिस्थितियों में दम तोड़ा। समाजिक अधिकारिता मंत्री का यह भी जवाब था कि देश में अब तक 13 राज्यों में 13,657 मैला ढोने वालों की पहचान की गई है, लेकिन 2011 की जनगणना में परिवारों के आंकड़ों से बड़ी संख्या में गंदे शौचालयों को हटाने को ध्यान में रखते हुए राज्यों से कहा गया है कि वे अपने सव्रेक्षण की दोबारा समीक्षा करें। दरअसल, कानून अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता। अगर इस अमानवीय समस्या का समाधान कानून के पास होता तो नब्बे के दशक में समस्या तब समाप्त हो जाती जब पहली बार 1993 में सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1993 आ गया था। जिसका उद्देश्य मानव मल-मूत्र को हटाने के लिए सफाई कर्मचारियों के नियोजन को अपराध घोषित कर सफाई कार्य के हाथ से किए जाने का अंत करने और देश में शुष्क शौचालयों की और वृद्धि पर पाबंदी लगाने के लिए संपूर्ण भारत के लिए एक समान विधान अधिनियमित करना था।

जब इस कानून से काम नहीं चला तो उसके बाद सितम्बर 2013 में संसद द्वारा शहाथ से मैला साफ करने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम 2013 पास किया गया। इस अधिनियम में अस्वच्छ शौचालयों और मैनुअल स्केवेंजिंग संबंधी उपबंधों का पहली बार उल्लंघन करने पर 1 वर्ष की सजा या 50 हजार का जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। दूसरी बार उल्लंघन करने पर 2 वर्ष की सजा और 1 लाख का जुर्माना हो सकता है। तीसरी बारः उल्लंघन करने पर 5 पांच साल की सजा या 5 लाख के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है। इस अधिनियम की धारा 22 के अंतर्गत पाए गए अपराध संज्ञेय एवं गैर जमानती हैं, लेकिन फिर भी समाज के एक खास वर्ग को इससे पूरी तरह मुक्ति नहीं मिल सकी। अब तक कानून तो बनते रहे मगर वे कानून अपने उद्देश्य की पूर्ति न कर सके। अब उम्मीद की जा सकती है कि भारत सरकार की मदद से सारे देश के शहरों में मशीनों से ही नालियों, सीवरलाइनों और सेप्टिक टैंकों की सफाई हो सकेगी। मैन्वल स्केवेंजिंग से एक जाति विशेष का उद्धार नहीं हो पा रहा है। संसद में 2021 में स्वयं सरकार ने स्वीकार किया था कि इस पेशे में लगे लोगों में 9725 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति के थे।

**देश की राजधानी दिल्ली में 36 सफाईकर्मियों ने नारकीय परिस्थितियों में दम तोड़ा। समाजिक अधिकारिता मंत्री का यह भी जवाब था कि देश में अब तक 13 राज्यों में 13,657 मैला ढोने वालों की पहचान की गई है, लेकिन 2011 की जनगणना में परिवारों के आंकड़ों से बड़ी संख्या में गंदे शौचालयों को हटाने को ध्यान में रखते हुए राज्यों से कहा गया है कि वे अपने सव्रेक्षण की दोबारा समीक्षा करें। दरअसल, कानून अकेले किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता। अगर इस अमानवीय समस्या का समाधान कानून के पास होता तो नब्बे के दशक में समस्या तब समाप्त हो जाती जब पहली बार 1993 में सफाई कर्मचारी नियोजन और शुष्क शौचालय सन्निर्माण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1993 आ गया था। जिसका उद्देश्य मानव मल-मूत्र को हटाने के लिए सफाई कर्मचारियों के नियोजन को अपराध घोषित कर सफाई कार्य के हाथ से किए जाने का अंत करने और देश में शुष्क शौचालयों की और वृद्धि पर पाबंदी लगाने के लिए संपूर्ण भारत के लिए एक समान विधान अधिनियमित करना था।**

# पाकिस्तान में लौटा आतंकवाद



पेशावर में हमला किसने किया, इसकी आधिकारिक जानकारी के लिए हमें इंतजार करना होगा। पहला शक टीटीपी पर गया है। लेकिन हाल में आई खबरों को ध्यान में रखें, तो आम लोगों को निशाना बनाना इस गुट की नई रणनीति से मेल नहीं खाता।

पाकिस्तान के पेशावर में मस्जिद में हुए हमले में 60 से ज्यादा लोगों की मौत ने दशक भर पहले के उस दौर की याद ताजा करा दी है, जब पाकिस्तान में ऐसे हमले आम हो गए थे। हाल में हमलों का सिलसिला फिर तेज हो गया है, लेकिन आम लोगों को इतने बड़े पैमाने पर पहली बार निशाना बनाया गया है। पेशावर में हमला किसने किया, इसकी आधिकारिक जानकारी के लिए हमें इंतजार करना होगा। पहला शक आतंकवादी गुट तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) पर गया है। लेकिन हाल में आई खबरों को ध्यान में रखें, तो आम लोगों को निशाना बनाना इस गुट की नई रणनीति से मेल नहीं खाता। इन खबरों के मुताबिक टीटीपी ने पाकिस्तान को निशाना बनाने की एक नई विस्तृत रणनीति अपना ली है। इसके संकेत हाल इस आतंकवादी संगठन के बयानों से मिले हैं। खबरों में बताया जाता है कि इस रणनीति को टीटीपी के मौजूदा प्रमुख मौलवी नूर वली मेहसूद ने तैयार किया है। टीटीपी को अफगान तालिबान का समर्थन हासिल है। इसलिए वह अपनी रणनीति को अधिक आक्रामक ढंग से अंजाम दे रहा है। इस रणनीति के तहत टीटीपी पाकिस्तानी समाज में अधिक पैठ बनाने में जुटा हुआ है। वह वहां खुद को इस्लाम के अग्रिम दस्ते के रूप में पेश कर रहा है। इस रणनीति के तहत वह मुस्लिम बहुल

**ा हाल में आई खबरों को ध्यान में रखें, तो आम लोगों को निशाना बनाना इस गुट की नई रणनीति से मेल नहीं खाता। इन खबरों के मुताबिक टीटीपी ने पाकिस्तान को निशाना बनाने की एक नई विस्तृत रणनीति अपना ली है। इसके संकेत हाल इस आतंकवादी संगठन के बयानों से मिले हैं। खबरों में बताया जाता है कि इस रणनीति को टीटीपी के मौजूदा प्रमुख मौलवी नूर वली मेहसूद ने तैयार किया है। टीटीपी को अफगान तालिबान का समर्थन हासिल है। इसलिए वह अपनी रणनीति को अधिक आक्रामक ढंग से अंजाम दे रहा है। इस रणनीति के तहत टीटीपी पाकिस्तानी समाज में अधिक पैठ बनाने में जुटा हुआ है। वह वहां खुद को इस्लाम के अग्रिम दस्ते के रूप में पेश कर रहा है।**

इस देश में लोगों की धार्मिक भावनाओं का पूरा लाभ उठाने की कोशिश कर रहा है। मसलन, कुछ समय पहले टीटीपी प्रमुख नूर वली मेहसूद ने तुर्किये एक मीडिया संस्थान को इंटरव्यू दिया था। उसमें उसने कहा था कि टीटीपी के मुजाहिदीन इस्लामी राष्ट्र पाकिस्तान की संतान हैं। उसने दावा किया कि पाकिस्तान सरकार चाहे जितनी कार्रवाइयां कर ले, इस इस्लामी समाज में मुजाहिदीन के प्रभाव को वह खत्म नहीं कर सकती। कुछ खबरों में यह भी बताया गया है कि टीटीपी अब खुद को एक राजनीतिक ताकत के रूप में उभारने की कोशिश में जुट गया है। उसके नेता यह दावा भी कर रहे हैं कि टीटीपी लोगों को मौजूदा राजनीतिक प्रणाली से मुक्ति दिलाने के दावे कर रहे हैं। इसी बीच पेशावर में हमला हुआ है, तो कई सवाल उठ खड़े हुए हैं।

# मेडिटेशन से जुड़े ये भ्रम नहीं हैं सच, जानिए इनकी हकीकत

मेडिटेशन यानि ध्यान लगाने से न सिर्फ शारीरिक बल्कि कई तरह के मानसिक लाभ भी मिल सकते हैं। यहीं कारण है कि यह दुनियाभर में काफी लोकप्रिय है। हालांकि, मेडिटेशन को लेकर लोगों में कई ऐसी धारणाएं या भ्रम हैं, जिससे इसका पूरा लाभ नहीं मिल पाता है या लोग इससे दूरी बनाए रखना ही सही समझते हैं। आइए आज मेडिटेशन से जुड़े भ्रम और उनकी सच्चाई जानते हैं।

**भ्रम- मेडिटेशन सिर्फ बैठकर ही किया जा सकता है**

बहुत से लोगों का ऐसा मानना है कि मेडिटेशन सिर्फ बैठकर ही किया जा सकता है, जबकि यह सिर्फ एकमात्र तरीका नहीं है। आप टहलते हुए भी मेडिटेशन कर सकते हैं और ध्यान केंद्रित कर सकते हैं। दुनिया भर के कई अभ्यासी चलते हुए किए जाने वाले मेडिटेशन, लंबी पैदल यात्रा वाले मेडिटेशन आदि में भाग लेते हैं। इसके अतिरिक्त, आप मेडिटेशन के लिए सोफे या बिस्तर पर भी लेट सकते हैं।

**भ्रम- मेडिटेशन सिर्फ विचारों को नियंत्रित करता है**

अगर आपको लगता है कि मेडिटेशन सिर्फ



विचारों को नियंत्रित करता है, जबकि यह सिर्फ एक भ्रम से ज्यादा कुछ नहीं है। मेडिटेशन का अभ्यास करते समय नियंत्रण जैसा शब्द शून्य अर्थ रखता है। एक मेडिटेशन सेशन के दौरान विचार बिना आमंत्रण के आते हैं और मन में हर तरह के विचारों से भरा होना सामान्य बात है। अच्टे विचारों की लालसा और बुरे विचारों से परहेज करके आप उन्हें नियंत्रित नहीं कर सकते।

**भ्रम- मेडिटेशन से सारी समस्याएं दूर जाती हैं**

बहुत से लोग मानते हैं कि मेडिटेशन समस्याओं से बचाने या उनसे अस्थायी राहत पाने का एक तरीका है, लेकिन यह सच नहीं है। यह आपको अपनी समस्याओं का सामना करने और उनके प्रभाव को कम करने में मदद कर सकता है। जब आप मेडिटेशन के माध्यम से अपने भीतर गहरे शांत क्षेत्र में पहुंच जाते हैं तो आप स्थितियों को स्वीकार करने कर लगते हैं।

**भ्रम- स्वास्थ्य लाभ के लिए मेडिटेशन का वर्षो तक अभ्यास करना पड़ता है**

यह सिर्फ एक भ्रम है कि स्वास्थ्य लाभ के लिए मेडिटेशन का वर्षों तक अभ्यास करना पड़ता है, जबकि ऐसी नहीं है। मेडिटेशन के लाभ तत्काल और दीर्घकालिक दोनों हो सकते हैं। आप इसका लाभ तभी प्राप्त कर सकते हैं जब आप इसे पहली बार करते हैं। हालांकि, ध्यान रखें कि बदलाव रातोंरात नहीं होते हैं मेडिटेशन सेशन समाप्त करने के तुरंत बाद आप अधिक आराम, सक्रिय और शांतिपूर्ण महसूस कर सकते हैं।

**भ्रम- मेडिटेशन ज्यादा समय लेने वाली प्रक्रिया है**

यह भी सिर्फ भ्रम से ज्यादा और कुछ नहीं है कि मेडिटेशन अधिक समय लेने वाली प्रक्रिया है। मेडिटेशन समय लेने वाली प्रक्रिया नहीं है। आप अपने मन मुताबिक मेडिटेशन का समय निर्धारित कर सकते हैं।

# इन 5 ओवरनाइट फेस मास्क को घर पर बनाकर करें इस्तेमाल, त्वचा रहेगी हाइड्रेटेड

ओवरनाइट फेस मास्क ऐसे मास्क होते हैं, जिन्हें सोने से ठीक पहले लगाया जाता है और उठने के बाद धोया जाता है। इन्हें स्लीपिंग मास्क भी कहते हैं। इस तरह के फेस मास्क का इस्तेमाल करने से त्वचा में हाइड्रेशन को बढ़ावा देने, पौष्टिक तत्वों की मौजूद्गी बढ़ाने और त्वचा की देखभाल करने में मदद मिलती है। आइए आज हम आपको घर पर ओवरनाइट फेस मास्क बनाने का तरीका और इसके इस्तेमाल से होने वाले फायदे बताते हैं।

फेस मास्क बनाने का तरीकारू सबसे पहले अपनी पसंदीदा नाइट क्रीम में एक चम्मच एक्सट्रा नारियल तेल या कोल्ड-प्रेस्ड नारियल तेल मिलाएं। अब थोड़ी क्रीम लें और फिर इसे अपने चेहरे पर मसाज करें। याद रखें कि इसे लगाने के बाद अगली सुबह ही धोना है। फायदेरू नारियल का तेल आपकी त्वचा के रूखेपन, सूजन, जलन और सूरज की हानिकारक पराबैंगनी (यूवी) किरणों से होने वाली समस्याओं से टुटकारा दिलाने में मदद्गार है।

फेस मास्क बनाने का तरीकारू इसे बनाने के लिए सबसे पहले एक कप तरबूज के टुकड़ें (लाल गूदा) को कद्दूकस कर लें और फिर इसका रस छान लें। अब कटन बल का इस्तेमाल करके तरबूज के रस को अपने चेहरे पर लगाएं और सोने से पहले इसे सूखा लें। फायदेरू तरबूज काफी रसीला फल होता है। ऐसे में यह आपकी त्वचा को हाइड्रेट रखने और इसे निखारने में मदद करता है। फेस मास्क बनाने का तरीकारू सबसे पहले एक चम्मच कच्चे दूध में आधा चम्मच हल्दी पाउडर मिलाएं। अब कटन बल की मदद से इसे टोनर के जैसे अपने चेहरे पर लगा लें।

## फ्लाईओवर पर टक्कर, दो की मौत

**मेरठ (एजेंसी)।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में 2 दिन पूर्व शोभापुर फ्लाईओवर से पहले हाईवे पर ऐसे ही एक जुगाड़ में जा रहे चार युवकों को उत्तराखंड बस ने पीटे से जोरदार टक्कर मार दी थी। जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। वही दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बावजूद इसके हाईवे पर धड़ल्ले से ऐसे जुगाड़ चल रहे हैं। मगर ट्रैफिक पुलिस ऐसे वाहनों को सीज नहीं कर रही है।

## केंद्र जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान जैसा बनाना चाहता है : महबूबा मुफ्ती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीडीपी प्रमुख और जम्मू और कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने केंद्र बड़ा आरोप लगाते हुए कहा है कि मोदी सरकार जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान जैसा बनाना चाहती है। कश्मीर में बुलडोजर से लोगों के घर तोड़े जा रहे हैं।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने सोमवार दिल्ली में कहा, यदि आप कश्मीर जाएंगे, तो आपको यह अफगानिस्तान जैसा लगेगा, क्योंकि वहां बुलडोजर चल रहा है। ये जम्मू-कश्मीर को अफगानिस्तान जैसा बनाना चाहते हैं. मैं इसकी तुलना फिलिस्तीन से करती हूं क्योंकि भाजपा सरकार कश्मीर और पूरे देश में ईस्ट-इंडिया कंपनी की तरह है। फिलिस्तीन अभी भी बेहतर है, उनके लोग बात करते हैं यहां तो और भी बुरा हाल है, बुलडोजर से लोगों के घर तोड़े जा रहे हैं।

केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए मुफ्ती ने कहा, उन्होंने (बीजेपी) हमारी नौकरियां, जमीन और खनिज आउटसोर्स किए हैं। देश में पत्रकार, राजनेताओं के खिलाफ ईडी, एनआईए का इस्तेमाल किया जा रहा है, हम अभी भी विशेष दर्जा वाले राज्य हैं क्योंकि हमारे पास लोगों को परेशान करने के लिए अन्य एजेंसियां हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने देश के संविधान को ध्वस्त करने के लिए अपने क्रूर बहुमत को हथियार बनाया। उन्होंने असहमति और न्यायपालिका की आवाज को कुचलने के लिए मीडिया को भी हथियार बनाया। यही वजह है कि आज भाजपा जो चाहती है वही करती है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में बदमाशों, चोरों को 45,000 हेक्टेयर जमीन दी जा रही है, जबकि कश्मीर के लोगों को अतिक्रमण विरोधी अभियान के बहाने उनकी जमीन से खदेड़ा जा रहा है।

## बंगाल विरोधी टिप्पणी मामले में परेश रावल को राहत, कोर्ट ने एफआईआर की खारिज

**कोलकाता (एजेंसी)।** कलकत्ता हाईकोर्ट की एकल-न्यायाधीश की पीठ ने सोमवार को बलीवुड अभिनेता और भाजपा नेता परेश रावल के खिलाफ बंगाली विरोधी टिप्पणियों के लिए दायर एफआईआर को खारिज कर दिया। एफआईआर खारिज होने के चलते शहर की पुलिस उनके खिलाफ मामले में कोई जांच नहीं कर पाएगी। रावल के खिलाफ माकपा पोलित ब्यूरो के सदस्य और पश्चिम बंगाल में पार्टी के राज्य सचिव एमडी सलीम ने कोलकाता के तलतला पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कराया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अभिनेता द्वारा की गई टिप्पणियों का उद्देश्य दंगों को भड़काना और देश भर में बंगालियों और अन्य समुदायों के बीच सद्भाव को नष्ट करना और सार्वजनिक उपहास करना था।अभिनेता ने पिछले साल गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 में भाजपा के लिए प्रचार करते हुए कहा था, गैस सिलेंडर महंगे हैं लेकिन वे नीचे आ जाएंगे। लोगों को रोजगार भी मिलेगा। लेकिन अगर रोहिंग्या प्रवासी और बांग्लादेशी आपके आसपास रहना शुरु कर दें, जैसा दिल्ली में है, तो क्या होगा?

# कांडला पोर्ट को देखकर प्रभावित हुए थे गौतम अडानी, लिया था जीवन में बहुत बड़ा करने का फैसला



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंडनबर्ग की रिपोर्ट जब से आई है तभी से गौतम अडानी लगातार खबरों की सुर्खियों में बने हुए हैं। गौतम अडानी ने अपना रास्ता खुद ही चुना था और वह अपने चुने रास्ते पर आगे चले। आज हम आपको गौतम अडानी के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक तथ्यों को बताने जा रहे हैं, जिसके माध्यम से आप उनके जीवन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण फैसलों और उनके समूह के बारे में जान सकेंगे। अडानी ने अपने जीवन में समय-समय पर कई महत्वपूर्ण फैसले किए हैं, जिसकी वजह से उन्होंने आज अपना एक बड़ा साम्राज्य खड़ा किया है। इसके लिए उन्होंने अपने परिवार के बिजनेस को चलाने के बजाय खुद का बिजनेस शुरू करना का फैसला लिया।

अडानी समूह के मालिक गौतम अडानी स्कूल ड्रपआउट हैं। अहमदाबाद के सीएन विद्यालय से कर्मस की पढ़ाई करने के दौरान उन्होंने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी, जिसके बाद वह बिजनेस की ओर रूख किया। उन्होंने अपने पारिवारिक व्यापार में कोई रूची नहीं दिखाई। उनके परिवार का टेक्सटाइल का बिजनेस था। अडानी ने हीरे के कारोबार से अपने बिजनेस का शुरुआत किया और तीन साल के अंदर ही वह 20 साल की उम्र में करोड़पति बन गए थे।

मालूम हो कि अडानी पावर लिमिटेड जो अदानी समूह का ही हिस्सा है निजी क्षेत्र में देश में सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी है। यह कंपनी उर्जा का सबसे अधिक उत्पाद करती है। अडानी समूह के थर्मल पावर प्लांट 4620 मेगावट तक बिजली का उत्पादन करते हैं। यही नहीं, उनकी कंपनी ही देशभर में सबसे अधिक सौर ऊर्जा का उत्पादन करती है। अडानी समूह कमाई के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी जुड़ा हुआ है। इसके तहत अडानी समूह की ओर से अहमदाबाद में अडानी विद्या मंदिर स्कूल का संचालन किया जाता है, जिसमें गरीब बच्चों को मुफ्त में स्कूली शिक्षा दी जाती है।

गौतम अडानी जब स्कूल में पढ़ाई कर रहे थे, तभी वह एक दिन गुजरात के कांडला पोर्ट पर पहुंचे। इस पोर्ट को देखकर अडानी बहुत अधिक प्रभावित हुए। उन्होंने उसी दिन निर्णय लिया था कि वह भी जीवन में कुछ ऐसा ही या फिर इससे बड़ा बनाएंगे। इसके बाद उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए मेहनत शुरू कर दी थी। आज भारत में पोर्ट रेलवे के नेटवर्क से जुड़े हुए हैं। इसके पीटे अडानी का दिमाग माना जाता है। अडानी ने 2001 से 2004 तक रेल मंत्री रहे नीतिश कुमार को रेल-पोर्ट लिंक का महत्व बताकर इस नीति को बनाने का सुझाव दिया था। उनके सुझाव के बाद सरकार ने रेल-पोर्ट लिंक नीति शुरू की थी और आज अमूमन सभी पोर्ट रेलवे नेटवर्क से जुड़े हुए हैं।

## मध्य प्रदेश में रेल सुविधाएं बढ़ाने को मिले साढ़े 13 हजार करोड़

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश में रेल सुविधाएं बढ़ाने के लिए यह अच्छी खबर है। राज्य के हिस्से में साढ़े 13 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रेल बजट 2023-24 में मध्यप्रदेश को राशि के आवंटन पर प्रतिक्रिया व्यक्ति करते हुए कहा कि वर्ष 2009 से 2014 के औसत आवंटन 632 करोड़ रुपए से बढ़कर वर्ष 2023-24 का आवंटन 13607 करोड़ रुपए है, जो 215 गुना अधिक है।

इस बजट आवंटन से मध्यप्रदेश राज्य में विभिन्न रेल परियोजनाओं एवं अधो-संरचनात्मक कार्यों के साथ-साथ रेलवे के आधुनिकीकरण को गति मिलेगी। मध्यप्रदेश में वर्तमान में 86 हजार 336 करोड़ रुपए की लागत के 40 रेल प्रोजेक्ट में 6,759 किलोमीटर के कार्य चल रहे हैं।

## किताबों में दिलचस्पी पैदा करने का अनूठा कार्यक्रम, 700 से ज्यादा लोगों ने एक साथ पढ़ी किताबें

**गोपालगंज (एजेंसी)।** एक ओर जहां मोबाइल के हर हाथ तक पहुंच जाने के बाद समाचार पत्रों और किताबों में लोगों की दिलचस्पी कम हुई है। ऐसे में इस डिजिटल युग में लोगों के किताबों के प्रति दिलचस्पी बढ़ाने का बिहार के गोपालगंज में एक अनूठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां 700 से अधिक लोगों ने एक साथ एक जगह पर बैठकर दो घंटे तक किताबें पढ़ी। इस बुक रीडिंग मैराथन में लोगों ने किताबें पढ़ी और फीडबैक भी दिया।

गोपालगंज के पंचदेवरी रीडिंग मैराथन क्लब की ओर से आयोजित इस अनोखे कार्यक्रम का उद्देश्य किताबों से विमुख हो रहे लोगों को फिर से किताबों से जोडने के लिए प्रेरित करना है।

जामुनहां इंटर कलेज परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 15 दिन पहले अनलाइन निबंधन कराया गया था। कार्यक्रम में कुल 721 लोगों ने अपनी पसंद की पुस्तकें पढ़ी। जो लोग अपने साथ पुस्तक लेकर आए थे, उन्होंने अपनी पुस्तक पढ़ी और जो लोग पुस्तक नहीं लाए थे, वे कार्यक्रम स्थल पर लगे पुस्तक स्टल से पुस्तकें खरीद कर पढ़े।

सबसे बढिया बात रही कि इस दौरान सभी के मोबाइल फोन बंद करवा दिए गए थे, जिससे किसी प्रकार का व्यवधान नहीं हो। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी और इंटर कलेज के प्राचार्य ड दुर्गाचरण पांडेय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रविवार को 12 बजे से शुरू इस रीडिंग मैराथन में लोगों ने शांत वातावरण में दो घंटे तक किताबों का अध्ययन किया।

किताबों के अध्ययन के बाद लोगों ने इस कार्यक्रम को लेकर अपना फीडबैक दिया।

## एमसीडी : एल्डरमैन को वोटिंग राइट देने पर हंगामा

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली नगर निगम सदन में पीठासीन अधिकारी के महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव के लिए मनोनीत सदस्यों को मतदान करने की अनुमति देने पर हुए हंगामे के बाद सोमवार को महापौर का चुनाव किए बिना सदन की कार्यवाही तीसरी बार स्थगित कर दी गई। दिल्ली नगर निगम सदन में पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने कहा, श्दिल्ली नगर निगम सदन की कार्यवाही अगली तारीख तक स्थगित की जाती है।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) सदन की कार्यवाही सोमवार को आधे घंटे की देरी के बाद पूर्वाह्न करीब साढ़े 11 बजे शुरू हुई। इसके तुरंत बाद ही शर्मा ने घोषणा की कि महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव एक-साथ होंगे। शर्मा ने कहा, श्महापौर, उप महापौर और स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव में श्एल्डरमैन वोट कर सकते हैं। इस घोषणा के बाद श्आप के पार्षदों ने विरोध करना शुरू कर दिया। पार्टी के नेता मुकेश गोयल ने कहा कि श्एल्डरमैन वोट नहीं दे सकते। इस पर शर्मा ने कहा, श्लोगों ने आपको यहां सेवा करने के लिए भेजा है, चुनाव होने दीजिए।

## प्रधानमंत्री ने 11 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में 20 प्रतिशत इथेनल मिश्रित पेट्रोल किया लॉन्च

**बेंगलुरू (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के चुनिंदा पेट्रोल पंपों पर जैव ईंधन के उपयोग को बढ़ाने के कार्यक्रम के तहत 20 प्रतिशत इथेनल के साथ मिश्रित पेट्रोल की शुरूआत की। कार्यक्रम का उद्देश्य उत्सर्जन और विदेशों पर निर्भरता को कम करना है। अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल पेट्रोल में 10 फीसदी इथेनल मिलाया जाता है और 2025 तक एथेनल की मात्रा को दोगुना करने का लक्ष्य है।

## 15 राज्यों ने सड़कों की डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के नहीं बनाए नियम

**नई दिल्ली , एजेंसी।** केंद्र सरकार रोड साइन प्रणाली में सुधार के साथ राष्ट्रीय राजमार्गों पर ड्राइविंग के दौरान लेन अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए सख्ती करने जा रही है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने इसके लिए दो हफ्ते में आदेश जारी करने तथा राज्यों को इन्फोर्समेंट का स्तर सुधारने के लिए फिर से आगाह करने की बात कही है, लेकिन स्थिति यह है कि अभी भी छह राज्य ऐसे हैं जिन्होंने संशोधित मोटर कानून के नियमों को अपने यहां लागू नहीं किया है।



इनमें कर्नाटक भी शामिल है, जो सड़क दुर्घटनाओं और मौतों के मामले में शीर्ष पांच राज्यों में शामिल है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय तथा लद्दाख भी नियमों को अधिसूचित करने में पीटे हैं।

मालूम हो कि मोटर कानून में संशोधन 2019 में किया गया था और इसकी बड़ी खासियत ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामलों पर सख्ती करना था। इन्हीं नियमों में सीमा से अधिक रफ्तार, ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन तथा सीट बेल्ट और हेलमेट न पहनने वालों की इलेक्ट्रानिक निगरानी और उनका अनुपालन सुनिश्चित कराना शामिल है। इसके लिए एनएच के अलावा राज्य राजमार्गों तथा शहरों की सड़कों पर इलेक्ट्रानिक निगरानी के लिए स्पीड गन, सीसीटीवी कैमरे और बाडी वियरेबल कैमरे लगाने को लेकर नियम अधिसूचित कर दिए थे।

सड़कों में इन्फोर्समेंट के लिए बड़ी संख्या में ट्रैफिक कर्मियों की तैनाती के मुकाबले यह कहीं अधिक सहज-सरल और परिणाम देने वाला उपाय है। संशोधित मोटर कानून के नियमों के क्रियान्वयन से संबंधित स्टेटस रिपोर्ट के अनुसार एनएच के अलावा अन्य सड़कों की डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के लिए नियम भी तय किए जाने हैं, लेकिन इसके मामले में भी राज्यों का रुख ढीलाढाला ही है। लगभग 15 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्र ऐसे हैं जिन्होंने ये नियम तय नहीं किए हैं। यह स्टेटस रिपोर्ट राज्यों के परिवहन मंत्रियों के सम्मेलन में प्रस्तुत की गई थी। रिपोर्ट के अनुसारअसम, छत्तीसगढ़, केरल, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, बंगाल और दिल्ली उन राज्यों में शामिल हैं जिन्होंने अभी एनएच के अलावा अन्य सड़कों के लिए डिजाइन, निर्माण और रखरखाव के नियम तय नहीं किए हैं।

# जीएसटी दरों में अगले वर्ष तक नहीं होगा बड़ा बदलाव

### राजस्व सचिव ने कहा- छोटे बदलाव हमेशा होते रहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने सोमवार को कहा कि जीएसटी दरों में अगले वित्त वर्ष में भी कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर ढांचे को आसान बनाने और उपभोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए बीते एक वर्ष से विचार चल रहा है। 2017 में पेश की गई जीएसटी व्यवस्था में अभी शून्य से 28 प्रतिशत तक पांच कर स्लैब हैं।




पांच वर्ष पुरानी जीएसटी प्रणाली की ज्यादा स्लैब के कारण कुछ लोग सरकार की आलोचना करते रहे हैं। इसको देखते हुए सरकार ने 2021 में दो स्लैब का विलय कर एक स्लैब बनाने और कुछ वस्तुओं पर शुल्क की दरों में कमी पर विचार विमर्श शुरू किया था।

मल्होत्रा ने कहा कि हम अभी कर की दरों में स्थिरता बनाए रखना चाहते हैं। छोटे बदलाव हमेशा रहेंगे, लेकिन कर स्लैब के विलय जैसे प्रमुख बदलावों को लेकर अगले एक वर्ष तक नहीं होगा। मल्होत्रा ने कहा कि सरकार कर की दरों को कम रखना चाहती हैं। हालांकि, उन्होंने दरों में बदलाव की कोई समयसीमा की जानकारी नहीं दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने हाल में सीमा शुल्क दरों में कुछ कटौती की है।

नीति आयोग के सीईओ परमेश्वरन अय्यर ने सोमवार को कहा कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआइ) योजना से अब तक 45 हजार करोड़ रुपये का निवेश मिला है और तीन लाख से ज्यादा नौकरियों का सृजन हुआ है। सरकार अब तक 14 क्षेत्रों के लिए दो लाख करा-ेड़ रुपये के बजटीय आवंटन वाली पीएलआइ योजनाओं को मंजूरी दे चुकी है।

इसी वर्ष मार्च तक कंपनियों को 3-4 हजार करोड़ रुपये का प्रोत्साहन दिया जाएगा। पीएलआइ योजना का मकसद वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी घरेलू मैन्यूफैक्चरिंग और निर्यात को बढ़ावा देना है। अय्यर ने कहा कि केंद्र का राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन (एनएमपी) कार्यक्रम बेहतर कार्य कर रहा है और जल्द ही कई और राज्यों में शुरू किया जाएगा।

## ममता बनर्जी को सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी ने डी. लिट से सम्मानित किया

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को सोमवार को कोलकाता के प्रतिष्ठित सेंट जेवियर्स यूनिवर्सिटी द्वारा डक्टर अफ लिटरेचर (डी लिट) की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री को मानद डी. लिट डिग्री प्रदान करने वाला यह पश्चिम बंगाल का दूसरा विश्वविद्यालय है। इससे पहले जनवरी 2018 में उन्हें तत्कालीन शिक्षा मंत्री के रूप में पार्थ चटर्जी के साथ कलकत्ता विश्वविद्यालय द्वारा इसी डिग्री से सम्मानित किया गया था।

सेंट जेवियर्स के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल सीवी आनंद बोस से डिग्री प्राप्त करने के बाद, बनर्जी ने राज्य में आम लोगों, विशेष रूप से समाज के दलित वर्गों को सम्मान समर्पित किया। उन्होंने कहा- मैं आम आदमी का प्रतिनिधित्व करती हूं। इसलिए, मैं इस सम्मान को राज्य में समाज के आम और विशेष रूप से पिछड़े वर्गों को समर्पित करती हूं। ऐसे सम्मान वास्तव में हम जैसे लोगों को समाज के लिए और अधिक काम करने के लिए प्रेरित करते हैं।

## अडाणी समूह के मुद्दे पर विपक्ष का लोकसभा में हंगामा

### कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित

**नयी दिल्ली,एजेंसी।** अडाणी समूह से जुड़े मुद्दे पर संसद में चर्चा कराने और संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के गठन की मांग कर रहे विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा में लगातार तीसरे दिन कामकाज नहीं हो सका और एक बार के स्थगन के बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी। सदन में आज भी कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह पर श्हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट और शेयर बाजार में उससे जुड़े घटनाक्रम के मुद्दे पर जांच के लिए जेपीसी गठित करने तथा इस मुद्दे पर संसद में चर्चा कराए जाने की मांग को लेकर हंगामा किया और सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद मंगलवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गयी। एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे सदन की बैठक शुरू हुई तो पीठासीन सभापति किरीट सोलंकी ने आवश्यक कागजात प्रस्तुत कराए। इसी दौरान कांग्रेस समेत विपक्षी दलों के सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के समीप आ गये। सभापति ने सदस्यों से अपने स्थान पर जाने और कार्यवाही चलने देने की अपील की। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी विपक्षी सदस्यों से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होने देने की अपील करते हुए कहा कि सदस्य (अडाणी मुद्दे पर) जो बोलना चाहें, धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में बोल सकते हैं।

उन्होंने कहा, श्संसद की परंपरा है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद सबसे पहले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होती है। सदस्य चर्चा के दौरान अपनी बात रख सकते हैं। इस विषय पर वित्त मंत्री को जो कहना था, सार्वजनिक रूप से कह चुकी हैं। जोशी ने कहा कि संसद का समय बहुमूल्य है, इसलिए सदस्यों को अपने स्थान पर जाकर चर्चा शुरू करानी चाहिए और सरकार उत्तर देने को तैयार है। हालांकि हंगामा नहीं थमने पर पीठासीन सभापति सोलंकी ने कुछ ही मिनट बाद कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

## नीति आयोग की रिपोर्ट में खुलासा, आईटीआई पास युवा रोजगार के लायक नहीं

**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** आईटीआई पास करने वाले युवाओं को लेकर नीति आयोग ने बड़ा खुलासा किया है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार देशभर के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मानक के अनुसार नहीं हैं। आईटीआई भारत में व्यावसायिक प्रशिक्षण की रीढ़ हैं। हर साल लाखों छात्र आईटीआई में दाखिला लेते हैं, लेकिन फिर भी यह अपने उद्देश्यों को पूरा करने में विफल है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता, फैकल्टी और बुनियादी ढांचा वैश्विक मानकों के अनुरूप नहीं है।ट्रांसफर्मिंग इंडस्ट्रियल ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स शीर्षक से जारी रिपोर्ट में नीति आयोग ने कहा है कि आईटीआई पास करने वाले युवा न तो रोजगार योग्य हैं और न ही अपना उद्यम शुरू करने के लिए पर्याप्त कुशल हैं। कई बार आईटीआई का पुनरुद्धार करने का प्रयास किया गया। जिसमें उत्ष्टता केंद्र बनाना, फंडिंग, आईटीआई की ग्रेडिंग और आईएमसी को अनिवार्य बनाना इत्यादि शामिल है ।

## अर्थ-व्यवस्था की जीवन रेखा है बैंक: शिवराज

**भोपाल (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बैंक को अर्थ-व्यवस्था की जीवन रेखा बताया है। साथ ही कहा, बैंक के बिना वर्तमान में जीवन की कल्पना संभव नहीं है।मुख्यमंत्री चौहान ने एचडीएफसी बैंक की 20 शाखाओं के वर्चुअल शुभारंभ करते हुए बैंक का महत्व बताया और कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रत्येक व्यक्ति का खाता खुलवाने के लिए अभियान आरंभ किया, जिसके परिणामस्वरूप सभी गरीब व्यक्तियों के बैंक में खाते खोले गए। केन्द्र और राज्य सरकारों की जन-कल्याणकारी योजनाओं की राशि पात्र व्यक्तियों के खाते में सीधे डाली जाती है। बैंकों के विस्तार और उनके द्वारा जन-सामान्य को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं से व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ी है और लोगों का जीवन आसान हुआ है। एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रदेश में स्व-रोजगार की गतिविधियों को प्रोत्साहित करने और महिला स्व-सहायता समूहों को सशक्त करने में दिया जा रहा सहयोग सराहनीय है।

## जल्द रेल यात्रा के दौरान व्हाट्सएप से ऑनलाइन भोजन मंगा सकेंगे यात्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ट्रेनों में यात्रा वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर आई है। जल्द ही यात्री व्हाट्सएप के जरिए आनलाइन भोजन मंगा सकेंगे। रेल के पीएसयू, आइआरसीटीसी (भारतीय रेल खानपान और पर्यटन निगम) ने रेल यात्रियों के लिए ई-कैटरिंग सेवाओं के माध्यम से भोजन आर्डर करने के लिए व्हाट्सएप संचार शुरू किया। व्हाट्सएप नंबर 91-8750001323 पर मैसेज कर यात्री ये सुविधा प्राप्त कर सकेंगे। यात्रियों के लिए ई-कैटरिंग सेव-ाओं के सभी प्रश्नों को हैंडल करने के लिए रेल विभाग ने




पावर चौटबाट शुरू किया है, ताकि यात्रियों की पसंद के अनुसार उन्हें समय पर भोजन उपलब्ध कराया जा सके।

हालांकि ये सुविधा अभी कुछ चुनिंदा ट्रेनों में ही यात्रियों को दी जाएगी। ग्राहकों के फीडबैक और सुझावों के आधार पर इसे अन्य ट्रेनों में भी लागू किया जाएगा। आइआरसीटीसी ने एक विशेष रूप से विकसित वेबसाइट के साथ-साथ अपने ई-कैटरिंग फूड एप के माध्यम से ई-कैटरिंग सेवाएं शुरू की हैं। व्हाट्सऐप माध्यम से ई-खानपान सेवाओं के कार्यान्वयन के दो चरणों की योजना बनाई गई है।

पहले चरण में, बिजनेस व्हाट्सएप नंबर लिंक पर क्लिक कर ई-केटरिंग सेवाओं को चुनने के लिए ई-टिकट बुक करने वाले ग्राहक को एक संदेश भेजेगा। इस विकल्प के साथ ग्राहक आइआरसीटीसी की ई-कैटरिंग वेबसाइट के माध्यम से सीधे स्टेशनों पर उपलब्ध अपनी पसंद के रेस्तरां से एप डाउनलोड करने की आवश्यकता के बिना अपनी पसंद का भोजन बुक कर सकेंगे।

दूसरे चरण में व्हाट्सएप नंबर ग्राहक के लिए दो तरफा संचार मंच बनने में सक्षम होगा, जिसमें एआइ (भारतीय रेल) पावर चौटबाट यात्रियों के लिए ई-कैटरिंग सेवाओं के सवाल-जवाब और उनके लिए भोजन भी बुक करेगा। फिलहाल, आइआरसीटीसी की ई-कैटरिंग सेवाओं के माध्यम से एक दिन में लगभग 50 हजार यात्रियों को भोजन परोसे जा रहे हैं, जो इसकी वेबसाइट के साथ-साथ एप के माध्यम से सक्षम हैं।

# आईएसएल : एफसी गोवा के खिलाफ ओडिशा एफसी की जीत पर होंगी निगाहें




भुवनेश्वर । इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में एफसी गोवा के खिलाफ पिछले सात मुकाबलों में ओडिशा एफसी को गौर के खिलाफ एक मैच में भी जीत नहीं मिली है। एफसी गोवा ने पांच बार जीत हासिल की है और दो मैच ड्रॉ में समाप्त हुए हैं। ओडिशा एफसी इस भ्रम को समाप्त करने की उम्मीद कर रही होगी, जब सोमवार को कलिंगा स्टेडियम में एक महत्वपूर्ण मुकाबले में भिड़ेगी। ये दो टीमें प्लेऑफ के लिए सबसे आगे चल रही हैं। ओडिशा एफसी और एफसी गोवा प्लेऑफ जोन में सबसे निचले पायदान पर हैं।

जीतने वाली टीम तीन अंक प्राप्त करेगी और तालिका में ऊपर की ओर बढ़ेगी, लेकिन हारने वाला संभावित रूप से एक पुनरुत्थान वाले बेंगलुरू एफसी टीम के पीछे हो जाएगी।

ओडिशा एफसी उस फॉर्म के लिए तरस रहा है, जो उन्होंने पहली छमाही के दौरान प्रदर्शित किया था। जगरनॉट्स ने इस सीजन में अपने पहले आठ हीरो आईएसएल मैचों में से छह में जीत हासिल की। हालांकि, अपने पिछले आठ मैचों में उसे एक जीत मिली है।

पिछले हफ्ते, उन्होंने चेन्नईयन एफसी के साथ 2-2 से ड्रॉ में खराब प्रदर्शन किया। डिएगो मौरिसियो अपने सीजन के गोलों की संख्या को दहाई अंक तक ले जाने से एक गोल दूर है। ब्राजील के इस खिलाड़ी ने पिछले चार मैचों में चार गोल दागे हैं और शुरुआती लाइनअप में अपनी जगह पक्की कर ली है।

हेड कोच जोसेप गोम्बाउ रेनियर फर्नाडीस के चोटिल होने के बाद वापस आने से खुश होंगे। मिडफील्डर पिछले हफ्ते बेंच से बाहर आ गए थे।

गोम्बाउ ने कहा, यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण मैच है जो हम घर पर एक ऐसी टीम के खिलाफ खेलने जा रहे हैं जो टेबल पर हमारी प्रतिद्वंद्वी है। एफसी गोवा ने अपने आखिरी दो मैच जीते हैं और अगला मैच फाइनल की तरह है। इस प्लेऑफ की दौड़ में एक अच्छा परिणाम दोनों टीमों के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

एफसी गोवा ने पिछले दो मैचों में काफी गोल किए हैं। इकर गुआरोटक्सेना की हैट्रिक की मदद से गौर ने पिछले हफ्ते ईस्ट बंगाल एफसी को 4-2 से हराया था। स्पैनियार्ड अभी भी लीग का शीर्ष स्कोरर है और ओडिशा एफसी के खिलाफ बेहतर करने के लिए तैयार हैं।

## एटीके मोहन बागान पर बेंगलुरू एफसी की पहली जीत

कोलकाता ,। बेंगलुरू एफसी ने रविवार को हीरो इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) में एटीके मोहन बागान के खिलाफ पहली बार जीत का स्वाद चख लिया।

बेंगलुरु ने कोलकाता के विवेकानंद युबा भारती क्रीड़ांगन में खेले गए हीरो आईएसएल 2022-23 मुकाबले में मेजबान एटीके मोहन बागान को 2-1 से मात दी। बेंगलुरू की लगातार पांचवीं जीत में स्पेन के आक्रमक मिडफील्डर हावी हर्नांडेज (78वें) और भारतीय मूल के फीजियन स्ट्राइकर रॉय कृष्णा (90+1वें मिनट में) ने गोल दागे। मोहन बागान का सांत्वना गोल ऑस्ट्रेलियाई स्ट्राइकर दिमित्री पेट्राटोस ने 90+3वें मिनट में जमाया।बेंगलुरु लगातार पांचवीं जीत के साथ आईएसएल तालिका में छठे स्थान पर पहुंच गया। बेंगलुरू एफसी के 17 मैचों में आठ जीत, एक ड्रा और आठ हार के साथ 25 अंक हैं। पहली बार ब्लूज के हाथ हार का सामना करने के बाद भी मोहन बागान चौथे स्थान पर बरकरार है। एटीके मोहन बागान के 16 मैचों में आठ जीत, तीन ड्रा और पांच हार से 27 अंक हैं।

# यूसुफ पठान दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाईजी के बने नए कप्तान



नई दिल्ली । क्रिकेट में पठान ब्रोदर्स के नाम से मशहूर पूर्व दिग्गज खिलाड़ी इरफान पठान के बड़े भाई युसुफ पठान को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। जिसमें यूसुफ पठान को दिल्ली कैपिटल्स फ्रेंचाइजी का कप्तान नियुक्त किया गया है। जानकारी के अनुसार इससे पहले ऋषभ पंत इस टीम के कप्तान थे, पंत के हुए एक्सीडेंट को लेकर यूसुफ पठान को कप्तान लगाया गया है।

इंडिया टीम से यूसुफ पठान बेशक सन्यास ले चुके है। लेकिन वह खुद को क्रिकेट से दूर नहीं रख पाते है। आईपीएल में उन्होंने राज्थान रॉयल्स व कोलकाता नाइटर राइडर्स के लिए कई अहम पारी खेल कर टीम को मुश्किल वक्त पर जीत दिलाई है। लेकिन, इस धाकड़ खिलाड़ी को आईपीएल शुरू होने से पहले दिल्ली कैपिटल्स की फ्रेंचाईजी ने उन्हें एक अहम जिम्मेदारी सौंप दी है। रविवार को यह जानकारी मिली है।

इंटरनेशनल लीग में युसुफ पठान दुबई कैपिटल्स की तरफ से खेल रहे है। जहां रॉवमैन पॉवेल की कप्तानी में टीम का जीत का ग्राफ मैट दर मैच फीका होता जा रहा है। वह युसुफ इस टीम में एक मिडिल ऑर्डर बल्लेबाज के तौर पर फिनिशर की भूमिका अदा कर रहे है।लेकिन, इन सब के बाद भी टीम मुकाबले जीतने में नाकाम हो रही है। इसी कड़ी में पॉवेल की जगह युसुफ पठान को टीम का नया कप्तान नियुक्त कर दिया गया है। लेकिन, फ्रेंचाईजी ने अभी तक इस बात की वजह नहीं बताई है कि उन्होंने पॉवेल को कप्तानी के पद से क्यों हटाया है। केवल एक ट्विट के जरिए पठान को कप्तान की जिम्मेदारी सौंपी दी है।

# यिमान ने थाईलैंड मास्टर्स जीतकर चार साल का सूखा खत्म किया



बैंकॉक । चीन की झांग यिमान ने थाईलैंड मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में अपनी हमवतन हान यू को 2-1 से मात देकर महिला एकल का खिताब जीत लिया।

विश्व नंबर 18 यिमान ने पहला गेम हारने के बाद शानदार वापसी की और 55 मिनट चले मुकाबले में हान यू को 15-21, 21-13, 21-18 से मात दी। यह 2019 के बाद से यिमान का पहला खिताब है, जबकि उन्होंने अपना पिछला टूर्नामेंट चार साल पहले वियतनाम ओपन सुपर 100 के रूप में जीता था।

इसी बीच, चीनी ताइपे के विश्व नंबर 35 लिन चुन्यी ने पुरुष एकल के फाइनल में हांगकांग के एंगस एनजी का लॉन्ग को 21-17, 21-14 से मात दी। पुरुष युगल के फाइनल में इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन ने ताइपे के सु चिंगेंग और ये होंग वी को 21-16, 21-17 से हराकर बाज़ी मारी।मिश्रित युगल प्रतियोगिता का खिताब ओलंपिक चैंपियन और विश्व नंबर तीन वांग यी ल्यू-हुआंग डोंगपिंग की चीनी जोड़ी को गया। इस जोड़ी ने फाइनल में कोरिया के सियो सियुंग जाए-चाए यू जुंग को 18-21, 21-15, 21-12 से मात दी।

दिन के अंतिम मुकाबले में थाईलैंड की बेन्यापा एम्सार्ड और नुनताकर्ण एम्सार्ड ने घरेलू समर्थन के बीच कोरिया की बैक हाना और ली सोही को 21-6, 21-11 से हराकर महिला युगल का खिताब जीता।

## केआईवाईसी पदक तालिका में महाराष्ट्र शीर्ष पर, हरियाणा दूसर स्थान पर

भोपाल । दिल्ली की सोनम और राजस्थान के सिद्धार्थ चौधरी ने भोपाल के स्टेडियम में शानदार प्रदर्शन करते हुए खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) 2022 मध्य प्रदेश के सातवें दिन दो और राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए और दोनों टीटी नगर में ट्रैक और फील्ड प्रतियोगिताओं में आए। दिल्ली की सोनम ने लड़कियों के 2000 मीटर स्टीपलचेज में 6.45.71 मिनट के समय के साथ रिकॉर्ड तोड़ा और फिर बाद में लडकों के शॉट पुट फाइनल में, राजस्थान के सिद्धार्थ चौधरी ने लोहे की गेंद को 21.04 मीटर की दूरी तक दौड़ाकर स्वर्ण पदक जीता। यह नया राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड है।

पदक तालिका में, महाराष्ट्र (25 स्वर्ण) ने तालिका के शीर्ष पर फिर से बढ़त हासिल कर ली है, लेकिन हरियाणा (22 स्वर्ण) और मेजबान मध्य प्रदेश (21 स्वर्ण) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं।

# बॉर्डर—गावस्कर ट्रॉफी को लेकर जयवर्धने की भविष्यवाणी



नई दिल्ली ,। श्रीलंका के पूर्व कप्तान महेला जयवर्धने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक आकर्षक टेस्ट श्रृंखला की उम्मीद कर रहे हैं और उन्होंने भविष्यवाणी की है कि बैगी ग्रीन्स बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का हक ऑस्ट्रेलिया के पक्ष में ला सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया और भारत वर्तमान में आईसीसी मेन्स टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर बने हुए हैं। इसके अलावा, दो प्रतिद्वंद्वी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप स्टैंडिंग में भी शीर्ष पर हैं और फाइनल के लिए चलीफाई करने के लिए तैयार हैं।ऑस्ट्रेलियाई टीम 2004 के बाद से भारतीय सरजमीं पर जीत हासिल नहीं कर पाई है, लेकिन जयवर्धने उम्मीद कर रहे हैं कि पैट कमिंस की टीम इस बार हर हाल में आगे बढ़ सकती है। जयवर्धने ने आईसीसी के लेटेस्ट रिव्यू में कहा, मुझे लगता है कि यह एक शानदार सीरीज होगी। भारतीय परिस्थितियां और ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज इससे कैसे निपटते हैं, उनके पास अच्छी गेंदबाजी इकाई है। उन्होंने कहा, भविष्यवाणी करना मुश्किल है, लेकिन एक श्रीलंकाई होने के नाते, मुझे उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के लिए यह जीत आसान नहीं होने वाली है।सफेद गेंद के क्रिकेट में शुभमन गिल का शानदार फॉर्म छोटे प्रारूपों में भारत के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन रहा है और जयवर्धने का मानना था कि युवा खिलाड़ी लाल गेंद के खेल में समान स्तर का प्रभाव बना सकता है। श्रीलंकाई क्रिकेटर ने कहा, वह इस समय शानदार फॉर्म में हैं और अगर वह उसे रेड-बॉल क्रिकेट में परिवर्तित करते हैं और उसके पास गति, परिपच्ता, स्थितियों और परिस्थितियों की समझ है, तो वह भारत के लिए लाइन-अप के शीर्ष पर एक बड़ा बदलाव होगा।ऑस्ट्रेलिया का भारत का चार टेस्ट मैचों का दौरा 9 फरवरी से शुरू होगा, जिसमें पहला टेस्ट नागपुर में होगा।

## फिल्मी सफर

# भोला का नया पोस्टर हुआ रिलीज, 30 मार्च को रिलीज होगी फिल्म



एक्टर अजय देवगन इन दिनों अपनी फिल्म भोला को लेकर चर्चा में आ चुके है। मूवी को लेकर फैंस के बीच उत्सुकता बनी हुई है फैंस इस मूवी के रिलीज होने का बेसब्री से प्रतीक्षा भी कर रहे है। मूवी को लेकर फैंस के मध्य उत्सुकता बनाए रखने के लिए मेकर्स मूवी से कलाकारों के नए पोस्टर्स और टीजर रिलीज कर चुके है। इसी बीच मूवी भोला से कई एक्टर्स के लुक सामने आ चुके है। मेकर्स ने फिल्म का नया पोस्टर जारी किया है, जो बहुत ही शानदार है। 30 मार्च को इस फिल्म को रिलीज किया जाने वाला है।

खबरों का कहना है कि मूवी भोला से अब तक अजय देवगन और तब्बू के दमदार पोस्टर्स के साथ-साथ इसका टीजर भी सामने आ गया है, जिसे दर्शकों ने बहुत पसंद किया। अब हाल ही में मेकर्स ने इस फिल्म से गजराज राव, विनीत सिंह और दीपक डोबरियाल का पोस्टर भी रिलीज कर दिया गया है। तीनों ही फर्स्ट लुक बेहद खतरनाक और रोंगटे खड़े कर देने वाला बताया जा रहा है। वहीं, यदि सामने आए पोस्टर के बारें में बात की जाए तो अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया पर गजराव राव, दीपक डोबरियाल और विनीत सिंह के फर्स्ट लुक को साझा कर दिया है। अजय देवगन दवरा शेयर किए गए पहले पोस्टर में विनीत सिंह नजर आ रहे है, वो इस मूवी में विनीत सिंह निठारी का किरदार भी अदा कर रहे हैं। पोस्टर में विनीत बड़ी-बड़ी आंखें किए और जले हुए चेहरे के साथ नजर आ रहे है।

## दुलकर सलमान की फिल्म किंग ऑफ कोठा का पोस्टर जारी, इस दिन होगी रिलीज

अभिनेता दुलकर सलमान पिछले कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म किंग ऑफ कोठा को लेकर चर्चा में हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म का दूसरा पोस्टर जारी किया है, जिसमें वह गैंगस्टर अवतार में दिखाई दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने फिल्म की आधिकारिक रिलीज तारीख की भी घोषणा की। पोस्टर साझा करते हुए मेकर्स ने बताया कि एक्शन से भरपूर यह फिल्म इसी साल ओणम पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

यह फिल्म एक गैंगस्टर ड्रामा है, जिसमें दुलकर के साथ ऐश्वर्या लक्ष्मी नजर आएंगी। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का निर्देशन अभिलाष जोशी ने किया है। यह हिंदी सहित मलयालम, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ में रिलीज होगी। किंग ऑफ कोठा दुलकर के ड्रीम प्रोजेक्ट में से एक बताई जा रही है।

# राधिका मदान ने किया नई फिल्म रूमी की शराफत का ऐलान




अभिनेत्री राधिका मदान ने टीवी जगत में अपना नाम कमाने के बाद बॉलीवुड का रुख किया और यहां भी अपनी अदाकारी को लोहा मनवाया। उनकी पिछली फिल्म कुत्ते भले ही फ्लॉप हो गई, लेकिन इसमें अन्य कलाकारों की तरह राधिका के अभिनय की भी तारीफ हुई। बहरहाल, उन्होंने अपनी नई फिल्म रूमी की शराफत का ऐलान कर दिया है और इसके जरिए वह एक बार फिर मशहूर निर्माता दिनेश विजान के साथ काम कर रही हैं।

राधिका, दिनेश के प्रोडक्शन हाउस मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बन रही फिल्म रूमी की शराफत में नजर आएंगी। उन्होंने इसकी जानकारी इंस्टाग्राम पर दी। राधिका ने फिल्म का क्लैपबोर्ड लिए एक तस्वीर साझा की और इसके साथ उन्होंने लिखा, शूटिंग शुरू हो गई है। मैं आपको रूमी से मिलवाने का इंतजार नहीं कर सकती। रूमी की शराफत जल्द आ रही है। हालांकि, कुछ देर बाद राधिका ने इंस्टाग्राम से यह पोस्ट डिलीट कर दिया।

रूमी की शराफत के जरिए राधिका, दिनेश के साथ पांचवीं बार काम कर रही हैं। सबसे पहले वह उनकी फिल्म अंग्रेजी मीडियम में नजर आई थीं, जो 2020 में रिलीज हुई थी। इसके बाद 2021 में आई फिल्म शिद्दत के जरिए उन्हें एक बार फिर विजान का साथ मिला, जो इस फिल्म के सह-निर्माता थे। राधिका अभिनीत निर्देशक होमी अदजानिया की अगली फिल्म और हैप्पी टीचर्स डे भी मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले ही बन रही है।दिनेश विजान बॉलीवुड के एक जाने-माने निर्माता-निर्देशक हैं। उन्होंने फिल्मों में अपना करियर बनाने के लिए 2004 में बैंक की नौकरी छोड़ दी थी। स्त्री से लेकर हिंदी मीडियम, लुका छिपी, बदलापुर, लव आजकल, कॉकटेल और भेड़िया उनकी बेहतरीन फिल्मों में शुमार हैं।

# माइनस वन: न्यू चैप्टर शो का दूसरा सीजन नहीं, ब्लकि नया चैप्टर है: आयुष मेहरा



एक्टर आयुष मेहरा जल्द ही स्ट्रीमिंग शो माइनस वनः न्यू चैप्टर में नजर आएंगे। उन्होंने साझा किया है कि इस शो का दूसरा सीजन नहीं है, जिसका ट्रेलर हाल ही में जारी किया गया है। ट्रेलर में वरुण और रिया के रिश्ते को दिखाया गया है, जो आज के समय में प्यार और ब्रेकअप को बारीक तरीके से प्रदर्शित करते है। माइनस वनः न्यू चैप्टर के बारे में बोलते हुए, आयुष मेहरा ने कहा, इससे पहले कि आप माइनस वनः न्यू चैप्टर देखना शुरू करें, मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह सीजन टू नहीं है। यह एक नया चैप्टर है, हमने एक समय में एक सीजन किया, जिसमें चीजें अलग थीं। इसे खुले दिल से देखें, क्योंकि इसकी कहानी न केवल रिश्तों के बारे में बात करती है, बल्कि जीवन में आने वाली वयस्कता, असुरक्षा, अस्थिरता की भावनाओं को भी बारीकता से समझाती है। सीरीज में उनकी को-स्टार आयशा अहमद, जो उनकी रुचि रिया का किरदार निभा रही हैं, ने साझा किया, मुझे लगता है कि कुछ सीन्स आपको असहज कर देंगे, शो में आपको बहुत कुछ महसूस होगा, कुछ चीजें अच्छी हैं जबकि कुछ बुरे होंगे, लेकिन मैं आपसे वादा करता हूं कि अंत में आप बहुत खुश हो जाएंगे। उन्होंने आगे कहाः ऐसा कुछ जो योगी (निर्देशक) कहते रहते हैं, यह एक फिल्म है, यह एपिसोडिक नहीं है इसलिए आप इसे बीच में छोडक़र यह तय नहीं कर सकते कि आपको यह पसंद है या नहीं।

# गुरु रंधावा के साथ गायिकी में डेब्यू करेंगे कपिल शर्मा, नए एल्बम का किया ऐलान



कॉमेडी किंग कपिल शर्मा अकसर अपने शो पर अपनी गायिकी का नमूना दिखाते रहते हैं। कॉमेडी की दुनिया में तो वह बादशाह है हीं, वह फिल्मों में भी हाथ आजमा रहे हैं। इसकी अलावा अब वह गायिकी में भी अपनी नई पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। इसके लिए कपिल ने मशहूर पंजाबी गायक गुरु रंधावा के साथ हाथ मिलाया है। रविवार को दोनों ने नए म्यूजिक एल्बम अलोन का ऐलान किया।

गुरु रंधावा ने इंस्टाग्राम पर कपिल शर्मा के डेब्यू एल्बम का ऐलान किया। उन्होंने एक पोस्टर शेयर किया जिसमें दोनों बर्फ से ढके पहाड़ पर नजर आ रहे हैं। गुरु ने कैप्शन में लिखा, हम अलोन को आप लोगों के साथ शेयर करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। मैं दुनिया को कपिल पाजी का पहला गाना सुनाने के लिए बेसब्र हूं। इस एल्बम का निर्माण टी-सीरीज ने किया है। यह 9 फरवरी को रिलीज होगा।

इसके बाद प्रशंसकों के साथ ही फिल्म और संगीत जगत के साथी इस ऐलान के लिए अपनी उत्सुकता जता रहे हैं। गुरु के पोस्ट पर गायक मीका सिंह ने लिखा, क्या बात है, दो रॉकस्टार एक फ्रेम में। सुरेश रैना, बादशाह जैसे सितारों ने भी कपिल को शुभकामनाएं दीं। कुछ प्रशंसकों ने कपिल के शो के एक एपिसोड को याद किया जिसमें गुरु ने उनके साथ साझेदारी करने का वादा किया था।

कपिल काफी समय से अपनी आगामी फिल्म ज्विगाटो को लेकर भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। इसके जरिए वह बड़े पर्दे पर वापसी करने आ रहे हैं। यह फिल्म 17 मार्च को बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है। नंदिता दास द्वारा निर्देशित और अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित इस फिल्म को टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी प्रदर्शित किया गया था। इस फिल्म में कपिल एक डिलिवरी बॉय की भूमिका में दिखेंगे जिसकी कोरोना महामारी के दौरान नौकरी चली जाती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382-222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com